संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 ₹ 2    वर्ष: 19 अंक: 14 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

# एक्शन इंडिया



# एकता का महाकुम्भ

**सनातन संस्कृति**

- विश्व की आस्था का केंद्र और विश्व एकता का प्रतीक बना महाकुम्भ, सनातन संस्कृति से अभिभूत हजारों विदेशी श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, धर्म और आध्यात्म को लेकर अभिभूत हैं विदेशी, सनातन से ले रहे प्रेरणा
- संगम पर स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच में गूंजे जय श्री राम, हर हर गंगे के जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर:** त्रिवेणी के पावन तट पर महाकुम्भ की शुरूआत भारत की सनातन परंपरा का उद्घोष और विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम का शंखनाद है। इसके अंदर अंतर्निहित है अनेकता में एकता का वह संदेश जो महान भारतीय संस्कृति का मूल है। महाकुम्भ एक धार्मिक आयोजन का पर्व मात्र नहीं है। आस्था और अध्यात्म के इस महापर्व में शैव , वैष्णव और उदासीन भक्ति धाराओं का मेल होता है। महाकुम्भ में शैव परंपरा के अंतर्गत आने वाले सात अखाड़े , वैष्णव परम्परा का अनुगमन करने वाले तीन अखाड़ों के साथ उदासीन सम्प्रदाय की विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन और नया उदासीन अखाड़ा निर्वाण का संगम होता है। इसी तरह श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल की सहजता और सेवाभाव के गुरुओं की वाणी यहां सभी अखाड़ों को साथ लेकर विभिन्नता में एकता का संदेश देती है। एकता के महाकुम्भ का भाव भी इसी में सम्मिलित है।

**कल्पवास की परम्परा में मिटी असमानता और जातिगत भेदभाव**

प्रयागराज महाकुंभ में वैसे 144 वर्ष बाद विशिष्ट खगोलीय संयोग बन रहा है जिसके चलते ग्रहों और नक्षत्रों के जानकार इसे अपने दृष्टिकोण से देखते हैं। सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान के पीठाधीश्वर स्वामी सहजानंद सरस्वती जी बताते हैं कि महाकुम्भ एक खगोलीय घटना मात्र नहीं है। वसुधैव कुटुंबकम् का विचार लेकर सबको अपने में समाहित कर लेने वाले सनातन के इस महापर्व में जातीय भेदभाव, छुआछूत, ऊंच-नीच सब अप्रासंगिक हो जाते हैं। सभी जाति से जुड़े अमीर गरीब एक साथ मिलकर यहां पुण्य की डुबकी लगाते हैं। पौष पूर्णिमा से शुरू हुए प्रयागराज महाकुम्भ के साथ यहां कल्पवास की भी शुरूआत हुई है। महाकुम्भ में एक महीने तक तंबुओं में रहकर संयम और त्याग की साधना करने वाले कल्पवासी सभी जातियों से आते हैं। सभी तरह का ऊंच नीच का भेदभाव यहां नहीं दिखता। सब साथ में गंगा स्नान कर सामूहिक कीर्तन भजन में शामिल होते हैं। जातीय , वर्गीय एकता और समन्वय का यह विचार ही महाकुम्भ को एकता के महाकुम्भ के रूप में स्थापित करता है।

**व्यक्ति नहीं समष्टि को साथ लेकर चलने का संकल्प है महाकुम्भ**

पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुए प्रयागराज महाकुम्भ में सबको साथ लेकर चलने का संकल्प दिखता है। महाकुम्भ में तंबुओं में एक महीने तक रहकर संयम और त्याग के साथ जप, तप और साधना करने वाले कल्पवासियों की संख्या 7 लाख से अधिक है जो उस ग्राम्य संस्कृति का हिस्सा है जो कृषि प्रधान भारत का प्रतिनिधित्व करता है। इसी महाकुम्भ में डोम सिटी और निजी टेंट सिटी में रहकर पुण्य की डुबकी लगाने आने वाला अभिजात्य वर्ग भी है। लेकिन सभी पुण्य अर्जित अर्जित करने का भाव लेकर आए हैं। इस संकल्प में भी एकता और समन्वय को भी स्थान दिया गया है जो महाकुम्भ में ही संभव लगता है।

**हर शिविर, आयोजन में विश्व कल्याण और प्राणियों की सद्भावना का उद्घोष**

महाकुम्भ सनातन का पर्व और गर्व है। वह सनातन संस्कृति जो वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा पर टिकी है। उसी की प्रेरणा से महाकुम्भ में अखाड़ों, साधु संतों और संस्थाओं के आयोजन में भी केंद्र में व्यक्ति नहीं समष्टि है, समस्त मानवता है।

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी कहते हैं कि महाकुम्भ में स्थापित हर शिविर और आयोजन में हर पूजा-प्रार्थना में 'विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना हो ' का उदघोष और सामाजिक सरोकारों की चिंता है । पहली बार अखाड़ों ने जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण की चिंता को अपनी बैठकों और छावनी प्रवेश यात्रा में स्थान दिया गया वह इसी का संकेत है।

# पीएम ने सोनमर्ग टनल का इनॉगरेशन किया

## वादा निभाता हूं: पीएम मोदी, उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा : उमर

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं।' उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी। इसके



अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी।

**सोनमर्ग टनल से लोगों की जिंदगी आसान होगी**

पीएम मोदी ने 27 मिनट के भाषण में कहा- जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। इससे सोनमर्ग के साथ करगिल और लेह के लोगों की जिंदगी भी बहुत आसान होगी। अब बर्फबारी के दौरान एवलांच से या बरसात में होने वाली लैंड स्लाइड के कारण रास्ते बंद होने की परेशानी कम होगी।

**टनल बनाने वाले श्रमिक न डिगे, न घर लौटे**

पीएम मोदी ने कहा- देश की उन्नति के लिए, जम्मू-कश्मीर की उन्नति के लिए जिन श्रमिक भाइयों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया, जीवन को संकट में डालकर काम किया, अपनी जान गंवाई, लेकिन संकल्प से डिगे नहीं।

# चीन-पाक से लगी सीमा पर स्थिति संवेदनशील, पर स्थिर: आर्मी चीफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को एलएसी और एलओसी से लेकर मणिपुर के हालात के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी की स्थिति संवेदनशील है, लेकिन स्थिर है। पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। वहीं पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में सेना प्रमुख ने कहा कि हम सीमा पर



बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षमता विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**एएलसी को लेकर सेना प्रमुख ने यह कहा**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि एलएसी पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर है। अक्तूबर में पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई। इन पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। मैंने सभी सह-कमांडरों को जमीनी स्तर पर संवेदनशील मुद्दों को संभालने के लिए कहा है। ताकि इन्हें सैन्य स्तर पर ही हल किया जा सके। एलएसी पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उत्तरी सीमाओं के लिए फोकस क्षमता विकास कार्यक्रम ने युद्ध लड़ने की प्रणाली में तकनीक को सक्षम किया।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल मारे गए 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे।

**सतर्क**

- '2024 में मारे गए आतंकियों में से 60 फीसदी पाकिस्तानी', सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी

# चुनाव नियमों में संशोधन के खिलाफ होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश की उस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को सुनवाई करेगा जिसमें 1961 के चुनाव नियमों में संशोधन को चुनौती दी गई है। इस संशोधन के जरिये सीसीटीवी फुटेज जैसी चुनाव सामग्री तक सार्वजनिक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जब तक कि इसे चुनाव आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध न किया गया हो। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव



खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत में 24 दिसंबर को दायर याचिका में कांग्रेस महासचिव रमेश ने दलील दी कि आयोग को 1961 के चुनाव नियमों में इस तरह एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के संशोधन की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**चुनावी प्रक्रिया हो पारदर्शी: कांग्रेस**

राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने कहा कि आयोग की सिफारिशों के बाद 21 दिसंबर को पेश इस संशोधन ने चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने वाली आवश्यक जानकारी तक सार्वजनिक पहुंच को खत्म कर दिया है। उनका कहना था कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से क्षीण हो रही है।

# युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और सुझाव बजट में आएंगे नजर: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का आगामी बजट हर नागरिक के लिए खुशहाली और हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा। बजट के लिए प्रदेश के हर वर्ग और हर व्यक्ति से सुझाव लिए जा रहे हैं। युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और बेहतरीन सुझाव भी हरियाणा के बजट में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आने वाला बजट हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं पर खरा उतरे तथा आमजन के लिए खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा कि आज सुपर 100, स्टार्टअप से जुडे. युवाओं तथा युवा उद्यमियों ने बजट पर बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में भी युवाओं से जो सुझाव लिए गए थे उन सुझावों को बजट में शामिल किया गया। इस बार प्रदेश के आम नागरिकों से भी सुझाव लेने के लिए पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र या विषय पर अपना सुझाव दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप जैसे कार्यक्रमों से देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया।

**परामर्श**

- मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं से बजट पूर्व परामर्श पर किया सीधा संवाद

**अभिनंदन** ग्रामीण स्तर पर पंचायत की भूमि पर मकान बनाने वाले लोगों से कलेक्टर रेट लेकर उन्हें मालकाना हक देने का काम किया

# संत समाज के लिए सोचते हैं और जो करते हैं समाज के लिए करते हैं: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जी टी** रोड स्थित गुप्ति सागर धाम में सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री का अभिनंदन समारोह में स्वागत किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा विधायक देवेन्द्र कादियान, खरखौदा विधायक पवन आदि अभिनन्दन सम्मान समारोह में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का सबसे पहले गुप्ति सागर धाम समिति के पदाधिकारियों के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जैन धर्म के झंडे का ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री नायब




सिंह सैनी व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल ने गुप्ति सागर महाराज का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि लोहड़ी और मकर सक्रांति का त्यौहार है और ऐसे पर्व पर गुप्ती महाराज सागर महाराज का आशीर्वाद लेने का परम सौभाग्य मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गुप्ति सागर महाराज का आशीर्वाद बहुत मिलता है और चुनाव से पहले भी आशीर्वाद लेने के लिए वे पहुंचे थे। महाराज ने दोनों हाथ खड़े करके आशीर्वाद दिया था और आज भी आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचा हूं। संत समाज के लिए सोचते हैं और जो करते हैं वह समाज के लिए करते हैं। जनता के हितों की सरकार है। सीएम ने कहा कि लंबे समय से लिटिगेशन के मामले लंबित थे। ग्रामीण स्तर पर पंचायत की भूमि पर मकान बनाने वाले लोगों से कलेक्टर रेट लेकर उन्हें मालकाना हक देने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व विधयक निर्मल चौधरी, गन्नौर से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कौशिक, भाजपा नेता राजीव जैन, जिलाध्यक्ष जसबी दोदवा, निशांत छौक्कर, योगेश कौशिक, राई से भाजपा नेता सतनारायण आंतिल, आजाद सिंह नेहरा, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, बबीता दहिया आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

**जनहित**

- गुप्ति सागर धाम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन समारोह में स्वागत किया

# महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबर!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है। सरकार ने सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही। जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे।

# 'सीएजी की रिपोर्ट विस में पेश नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सीएजी की रिपोर्ट एक बड़ा मुद्दा बन गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में पेश नहीं करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि दिल्ली सरकार द्वारा सीएजी रिपोर्ट को सदन में रखने में आनाकानी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब यह और भी स्पष्ट हो गया है कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति केवल विकास कार्यों, पर्यावरण और जलभराव वाली सड़कों के मामले में ही नहीं,



बल्कि संवैधानिक मामलों में भी है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दर्जन सीएजी रिपोर्ट हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में नहीं रखा है। 11 जनवरी 2025 को, दिल्ली विधानसभा सचिव ने कहा, "रिपोर्ट को सदन में रखने का कोई फायदा नहीं है"। उन्होंने कहा कि हमारे 7 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूछा था कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में क्यों नहीं रखा जा रहा है? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का अराजकतावादी चरित्र अब संवैधानिक संस्था और संवैधानिक प्रक्रियाओं में व्याप्त हो रहा है, जो सरकार के समुचित कामकाज के लिए बहुत ही अनुचित और संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) जवाब के बदले एक बवाल करने में यकीन रखती है, इसलिए वह हर दिन कोई न कोई बखेड़ा खड़ा करती है। लेकिन दिल्ली के लोग इस चुनाव में आआपा को जवाब देंगे।

**शांति**

**नवरी 2025 को, दिल्ली विधानसभा सचिव ने कहा, "रिपोर्ट को सदन में रखने का कोई फायदा नहीं है"**

उल्लेखनीय है कि सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखी गई। सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि शराब नीति में दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपये राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके साथ मुख्यमंत्री निवास बनवाने में भी नियमों का व्यापक रूप से उल्लंघन किया गया है।

## प्लास्टिक के थैले बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

**नोएडा :** नोएडा सेक्टर 80 स्थित प्लास्टिक के थैले बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर दमकल की 20 गाड़ियां आग को बुझाने में लगी हुई है। फैक्टरी में काम करने वाले लोगों को बाहर निकाला गया है और अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल सुनार** पुत्र श्री मंगल सुनार निवासी वेगा बॉन्ड अजमल खान पार्क, डी.बी.जी. रोड, करोल बाग, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 20024/2019 धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना प्रसाद नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल सुनार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल सुनार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 20024/2019 धारा 379/411/34 भा.द.स., थाना प्रसाद नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विशाल सुनार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.03.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02 (केंद्रीय)
मुख्य न्यायालय भवन – 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/524/CD/2025

# चार साल पहले धीरज ने छोड़ा साथ, अब खुद दुनिया छोड़ गई; पंखे से लटकी मिली थी लाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादनगर :** यूपी के मुरादनगर के भदौली गांव में 27 वर्षीय मोनिका वाल्मीकि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को मोनिका का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। अंकिता की पति धीरज कुमार की चार माह पूर्व कैंसर से मौत हो चुकी है।

**कैंसर से हुई थी पति की मौत**
जनपद बागपत के बालैनी स्थित डोलचा गांव निवासी मोनिका उर्फ अंकिता वाल्मीकि की शादी चार साल पूर्व मुरादनगर के भदौली गांव निवासी धीरज कुमार के साथ शादी हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि धीरज कुमार कैंसर से ग्रस्त थे। बीमारी के कारण




लगभग चार माह पूर्व धीरज की मौत हो गई।

**तनाव में रहती थी मोनिका**
परिजनों के अनुसार धीरज की मौत के बाद मोनिका तनाव में रहने लगी। सोमवार सुबह घरेलू काम निपटाने के बाद मोनिका ने बच्चों को कमरे से बाहर निकालकर दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद बच्चे रोने लगे। बच्चों का रोना सुनकर परिजन वहां पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंखे पर मोनिका झूलती मिली।

**नहीं मिला सुसाइड नोट**
सूचना के बाद एसीपी मसूरी सर्किल सिद्वार्थ गौतम और मुरादनगर थानाध्यक्ष मुकेश सोलंकी व फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। एसीपी ने बताया कि मामला प्रथमद्दष्टया खुदकुशी का लग रहा है। घटना से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। अभी किसी ने घटना की तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**संदिग्ध**

**सीपी ने बताया कि मामला प्रथमद्दष्टया खुदकुशी का लग रहा है। घटना से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण सिंह, पुत्र ओंकार सिंह निवास वेगाबॉन्ड, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 570/2020 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **करण सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **करण सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 570/2020 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना सागरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.02.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ईशा सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं. 18, प्रथम तल**
दि.पु./592/दक्षिण पश्चिम/2025 **मेन बिल्डिंग, पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली**

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि **सतीश कुमार पुत्रः** श्रीया, **पताः** मकान नं. 11डी, धनखरी, ब्लॉक नं. 2, तहसील नरवाहा, जिला जिंद, हरियाणा ने **CT No. 5803/2019, U/s 138 NI Act,** थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतीश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 5803/2019, U/s 138 NI Act,** थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सतीश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
जिला उत्तरी, कमरा नं. 213,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/362/RD/2025
(Court Matter)

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ डुअल एक्सल काउंटर (एक्सेप्ट सप्लाई, इंस्टॉलेशन & कमीशनिंग ऑफ एक्सल काउंटर) इन ब्लॉक सेक्शंस विद एब्सोल्यूट ब्लॉक वर्किंग ओवर दिल्ली डिवीजन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 6,16,03,901.17/- |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 4,58,000/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय दिनांक **13.01.2025**/ निविदा खुलने का दिनांक **04.02.2025** 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः **558-Sig-16-M-TENDER-1430** दिनांकः **13.01.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 139/25

# काला कानून बताकर किसानों ने फूंकी मसौदे की प्रतियां



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** गाजियाबाद में सरकार पर काला कानून बनाने का आरोप लगाकर भाकियू टिकैत गुट ने सोमवार को तहसील पर जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार द्वारा बनाए गए खेती मसौदे की प्रतियां जलाकर नारेबाजी की। किसानों ने तहसीलदार सदर रवि कुमार सिंह को अपने बीच बैठा लिया और सरकार के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली। संगठन के जिलाध्यक्ष बिजेंद सिंह की अगुवाई में किसान तहसील पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार फिर से किसानों के लिए काले कानून ला रही है। सरकारी मंडियां खत्म करने की सरकार की पूरी तैयारी है। खेती को कुछ एक उद्यमियों के हाथ में देकर किसान से जमीन छीनने की तैयारी है।

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02240072A | डीज़ल इंजन लेड एसिड स्टार्टर | 193 सेट | 10.02.25 |
| 02 | 08255004 | प्रोक्योरमेंट ऑफ सेट ऑफ असेंबली | 330 सेट | 11.02.25 |
| 03 | 15245170 | डीज़ल इंजन ऑपरेटेड स्नो कटर | 02 नग | 26.03.25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.– 89/2024–2025 दिनांक 13.01.2025 143/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू निशाद पुत्र श्री राम समझ निवासी W-184, गली नंबर–6, चंदर शेखर गली, वेस्ट बाबरपुर, वेलकम, दिल्लीने FIR No. 17/2021, U/S 33 D. Ex. Act, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू निशाद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया हैं कि उक्त अभियुक्त **राजू निशाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 17/2021, U/S 33 D. Ex. Act, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजू निशाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/345/NE/2025 (Court Matter)

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "आपूर्ति, क्लीनर और प्राइमर के साथ पी यु सीलेंट अॅधेसिव, एलएचबी एसी कोचों में पानी के रिसाव के लिए आरएमपीयू गर्त फर्श और जोड़ों का परीक्षण। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 03.02.2025 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 09.01.2025 13:11 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 46,97,068/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 94,000/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 12 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 20.01.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 03.02.2025 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उदघाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | **www.ireps.gov.in** पर जाएं। | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/14/सीलेंट अॅधेसिव 135/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### नौएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

ए) रि-टेण्डर कार्यः-

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 31/उ0म0प्र0/वरि0 प्र0(व.स.-3)/ 2024-25 | आकस्मिक कार्य (वर्क सर्किल-3 के कार्य क्षेत्र में अलाव जलाने एवं दो लोकेशनों पर रैन बसेरा लगाने का कार्य), नौएडा। | 11.21 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 20.01.2025 सायं 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 21.01.2025 को 11.00 बजे खोली जायेंगी।

**महत्वपूर्ण सूचना-**
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनाधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर.संचार अभि./गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No | GSU_DLI_SNT_09 dated 13.01.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद में विद्युत इंजनों के रखरखाव के लिए ढांचागत सुविधाओं का विकास के लिए प्रशासनिक भवन आई.सी.डब्ल्यू में नेटवर्किंग का प्रावधान |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 7498302.01/–. |
| 4 | धरोहर राशि | रु.150000.00/– |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 04.02.2025 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांकः 04.02.2025 को 11:30 बजे। |
| 7 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र स.:- GSU_DLI_SNT_09 Dated:-13.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 136/25

## लोहड़ी का पर्व किसान वर्ग के लिए भी खास होता है : मल्होत्रा

**गन्नौर।** हरियाणा पंजाबी संघ द्वारा लोहड़ी मिलन समारोह नवकार गार्डन में मनाया गया। जिसमें बतौर अतिथि समाज सेवी हरीश वधवा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि श्याम सुंदर अरोड़ा, परमानंद जग्गया, सुरेंद्र जग्गया, राकेश सिंधवानी, हर्ष अदलखा ने संघ के प्रधान व मंच संचालक दीपक बजाज, अध्यक्ष भूपेंद्र कुकरेजा के सहयोग से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान कुमारी रजनी, पावनी, रियांशी, यशिका, मायशा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथि समाजसेवी हरीश वधवा ने कहा कि लोहड़ी पर एक जगह अग्नि जलाई आग जलाकर सभी मिलकर उसकी परिक्रमा करके पूजा करते हैं और सुख और समृद्धि की कामना करते है। विशेष रौनक पंजाब और हरियाणा में देखने को मिलती हैं। पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने कहा कि लोहड़ी का पर्व किसान वर्ग के लिए भी बेहद खास होता है। इस दिन किसान वर्ग के लोग नई फसल को काटकर उसका पहला भोग अग्नि देव को चढ़ाते हैं, साथ ही घर-घर जाकर खील, मूंगफली, गुड़, तिल के लड्डू व गजक का प्रसाद बांटते हैं। इस मौके पर उपप्रधान रमेश कुमार,संजीव दावड़ा, सह सचिव धर्म चंद खन्ना, कोषाध्यक्ष नारायण दास खन्ना, परियोजना अध्यक्ष रिंकू राय, जीत मुटरेजा आदि मौजूद थे।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जाट समाज के प्रतिनिधियों से केजरीवाल ने की मुलाकात

## मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर याद दिलाया था कि 2015 में प्रधानमंत्री ने जाट समाज को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया था

**समर्थन**

**अभी दिल्ली का जाट समाज दिल्ली सरकार में ओबीसी की कैटेगरी में आता है लेकिन केंद्र की ओबीसी की लिस्ट में नहीं आता है : आप संयोजक अरविंद केजरीवाल**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से अपने निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर याद दिलाया था कि 2015 में प्रधानमंत्री ने जाट समाज को केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया था। अभी दिल्ली का जाट समाज दिल्ली सरकार में ओबीसी की कैटेगरी में आता है लेकिन केंद्र की ओबीसी की लिस्ट में नहीं आता है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली के जाट समाज केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी डालने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के किसी भी कॉलेज में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। क्योंकि राजस्थान का जाट समाज केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल है लेकिन दिल्ली का जाट नहीं शामिल है। इससे बड़ी विसंगति व अन्याय और क्या हो सकता है। दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के सभी संस्थानों एम्स, सफदरजंग, एनडीएमसी और डीडीए में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। केजरीवाल से मुलाकात के दौरान अंतरराष्ट्रीय दूहन खाप के प्रधान सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बात हुई। 2004 से हम केंद्र की ओबीसी सूची में जाट समाज को शामिल करने की मांग उठा रहे हैं। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। जाट समाज को ओबीसी में आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी आश्वासन दिया था लेकिन आश्वासन पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मुंह से निकला हुआ एक-एक शब्द पत्थर की लकीर होता है। उन्होंने दिल्ली की जनता से वादे किए थे, जिन्हें पूरा किया। जनता ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया। सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि हमारी मुख्य मांग यह है कि देश में बाकी राज्यों से दिल्ली आने वाले बच्चे का यहां के स्कूलों और अस्पतालों में दाखिला हो जाता है, जबकि दिल्ली के हमारे समाज के बच्चे इससे वंचित हैं। आज की हमारी मुख्य मांग यही थी कि हमें हमारे अधिकार मिलने चाहिए। इससे पहले हरियाणा, राजस्थान और उप्र में जाट समाज के लिए 2016 में आंदोलन के लिए जिन अधिकारों की मांग की गई थी, इसको लेकर भी हमने अरविंद केजरीवाल से अपील की थी कि वह पूरे भारत में पूरे जाट समाज की लड़ाई लड़ने का काम करें। अरविंद केजरीवाल भी

# आप ने 'दिल्ली दा पुत्त केजरीवाल' नाम से जारी किया गीत




**कैंपेन सॉन्ग**

**पंजाबी भाषा में गाया गया यह गीत आआपा के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल पर केंद्रित है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी (आआपा) ने सोमवार को लोहड़ी के मौके पर विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए नया गीत जारी किया है। पंजाबी भाषा में गाया गया यह गीत आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर केंदित है। गाने के बोल दिल्ली दा पुत्त केजरीवाल... है। इस गाने के जरिए दिल्ली की जनता से अपील की गई है कि इस बार भी दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को चुनिए, ताकि पहले से चल रही जनहितकारी योजनाएं जारी रहें और अरविंद केजरीवाल की दी गई गारंटी को लागू किया जा सके। आआपा ने इस स्पेशल गाने में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कामों का जिक्र किया है और अरविंद केजरीवाल की नीतियों को जनता के बीच में और भी मजबूती से पेश करने की कोशिश की गई है।

## भाजपा का शीर्ष नेतृत्व नरेला विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बदले: नीलदमन खत्री

# नहीं तो नरेला से नीलदमन लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नरेला विधानसभा क्षेत्र से राजकरण खत्री को टिकट मिलने के बाद से जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता मुखर हो गए और पार्टी से प्रत्याशी बदलने की मांग कर रहे हैं। पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष रह चुके नीलदमन खत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी के द्वारा राजकरण खत्री को टिकट देने का खुला विरोध किया और पार्टी से अपील की है कि नरेला विधानसभा क्षेत्र से जमीन से जुड़े हुए किसी भी कार्यकर्ता को टिकट दिया जाए।

**पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धोखे में रखा गया:** नीलदमन खत्री ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धोखे में रखकर राजकरण खत्री को टिकट दिलाया गया है। कुछ घोलमाल हुआ है। मैं पार्टी से इसकी जांच की मांग करता हूं।

**अगर प्रत्याशी नहीं बदला गया तो निर्दलीय लड़ूंगा चुनाव:** नीलदमन खत्री ने कहा कि मेरा पार्टी से अपील है कि आप नरेला से किसी भी कार्यकर्ता को टिकट दे दें जो एक्टिव हो, उसकी छवि साफ-सुथरी हो, जो नरेला की जनता के दुख-सुख में शामिल होता हो। अगर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व प्रत्याशी को नहीं बदलता है तो मैं नॉमिनेशन की तैयारी कर रहा और मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा।

# चार मंजिला मकान में आग लगने से महिला की मौत

**दो झुलसे**

**निर्मला, जितेन्द्र और प्रह्लाद को अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने निर्मला मृत घोषित कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार में एक चार मंजिला मकान में रविवार देररात आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और दो लोग झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, महिला की पहचान निर्मला (55) के रूप में हुई है। पांच प्रतिशत झुलसे जितेन्द्र (41) और 15 प्रतिशत झुलसे प्रह्लाद (65) का आचार्य भिक्षु अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राइम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य इकट्ठा किए। शुरूआती जांच में गैस रिसाव की बात सामने आई है। पीड़ितों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी। पुलिस ने बताया कि देररात सूचना मिली कि पश्चिम विहार स्थित एक मकान में आग लगने से परिवार के तीन लोग झुलस गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस टीम ने आग में झुलसे निर्मला, जितेन्द्र और प्रह्लाद को अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने निर्मला मृत घोषित कर दिया।

# सत्येंद्र जैन की आपराधिक मानहानि याचिका राजनीति से प्रेरित: सांसद बांसुरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। नई** दिल्ली से भाजपा की सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली सरकार के पूर्वमंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका को राजनीति से प्रेरित बताया। आज बांसुरी स्वराज की ओर से राऊज एवेन्यू कोर्ट में कुछ दस्तावेज दाखिल किए गए। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को करने का आदेश दिया। बांसुरी स्वराज की ओर से पेश वकील ने कहा कि जैन ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वजह से आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में जैन न्यायिक हिरासत में भी रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चार जनवरी को कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया था। 16 दिसंबर 2024 को कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की आपराधिक मानहानि याचिका पर संज्ञान लेते हुए बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया था । सत्येंद्र जैन ने कहा था कि बांसुरी स्वराज के बयान ने उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की है। सत्येंद्र जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने अपने बयान में कहा कि उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के मिले थे। याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर 2023 को टीवी चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू में उनकी छवि खराब करने वाले बयान दिए थे। इस बयान में बांसुरी स्वराज ने सत्येंद्र जैन को भ्रष्ट और फर्जी करार दिया था। ये बयान झूठे थे जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं था।

# दोस्त पर किया चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। उत्तर** पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में साहिल नामक एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। इधर, घायल युवक जैसे-तैसे अपने घर पहुंचा। परिवार वालों ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर किया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मामला दर्ज किया। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक राजू (बदला हुआ नाम) परिवार के साथ सीलमपुर में रहता हैं। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में राजू ने बताया कि इलाके में रहने वाले साहिल से उसकी दोस्ती थी। साहिल ट्रांसजेंडर की हरकत करता था। पीड़ित के अनुसार रविवार दोपहर वह साहिल के साथ घर से कुछ दूर पार्क में बात-चीत करने गए थे।

# सीएजी रिपोर्ट विस पटल पर रखने में देरी के लिए दिल्ली सरकार को कोर्ट की फटकार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी करने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर आज दोपहर ढाई बजे सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी कर रहे हैं। आपको सीएजी रिपोर्ट तुरंत विधानसभा के स्पीकर को भेजना चाहिए था ताकि इस पर विधानसभा में चर्चा हो सके। जब याचिकाकर्ता भाजपा विधायकों की ओर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्देश देने की मांग की गई तो कोर्ट ने कहा कि इस पर हम ढाई बजे सुनवाई करेंगे, लेकिन जब चुनाव की घोषणा हो चुकी है ऐसे में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए कैसे कहा जा सकता है। हाई कोर्ट ने 24 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार और दिल्ली के उप-राज्यपाल को नोटिस जारी किया था। याचिका में दिल्ली सरकार को सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने का आदेश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट में आश्वासन देने के बावजूद एक सप्ताह बाद भी दिल्ली सरकार ने विधानसभा के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट सदन में नहीं रखी है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट में 16 दिसंबर को दिल्ली सरकार ने दो से तीन दिन में सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को भेजने का आश्वासन दिया था। इस आश्वासन के एक हफ्ते बाद तक भी आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने न तो ये रिपोर्ट्स स्पीकर को भेजी हैं और ना ही इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। याचिका में कोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह दिल्ली सरकार को निर्देश जारी कर सीएजी की 14 रिपोर्ट्स को तुरंत ही स्पीकर को भेजने और इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आदेश दे। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा था कि उसने शराब कर, प्रदूषण और वित्त से संबंधित सीएजी रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखने के लिए उप-राज्यपाल को भेज दिया है। सुनवाई के दौरान उप-राज्यपाल की ओर से पेश वकील ने कहा था कि 11 दिसंबर की रात में 10 फाइल उप-राज्यपाल के दफ्तर विधानसभा के पटल पर रखने के लिए भेजी गई है। याचिका में कहा गया था कि सीएजी की ये रिपोर्ट्स मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री आतिशी के पास लंबित हैं और उप राज्यपाल के बार-बार अनुरोध के बावजूद इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करने के लिए नहीं भेजा गया है।

# देवेंद्र यादव ने किया आदर्श नगर से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

- शिवांक सिंघल मंच पर हुए भावुक, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने की शिवांक की जमकर तारीफ
- पोते शिवांक सिंघल के साथ मंगत राम सिंघल कर रहे कदमताल











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल के चुनाव कार्यालय का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रे कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव बतौर उदघाटनकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही, दादा मंगत राम सिंगल की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन:**
दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की मौजूदगी में आदर्श नगर से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल के चुनाव कार्यालय का श्रीगणेश हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में आदर्श नगर से कांग्रेस के कार्यकर्त्ता, स्थानीय निवासियों के अलावा विभिन्न सामजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शमिल हुए। दादा मंगत राम सिंघल और देवेंद्र यादव के साथ मंच साझा करना शिवांक सिंघल के लिए किसी सपने से काम नहीं है। जहा मंगत राम सिंघल का विधायक से लेकर मंत्री तक का एक लम्बा राजनीतिक सफर है तो वही देवेंद्र यादव के भी राजनीतिक तजुर्बे का सभी लोहा मानते है।

**मंच पर शिवांक सिंघल हुए भावुक:**
देवेंद्र यादव ने अपने भाषण के दौरान शिवाक सिंघल से जुड़े कुछ पुराने संस्मरण साझा किए, इस दौरान शिवांक सिंघल मंच पर भावुक हो उठे। इस मौके पर उनके दादा मंगत राम सिंघल ने भी शिवांक सिंघल की पीठ थपथपा कर उनका हौसला बढ़ाया।

**क्या बोले देवेंद्र यादव:**
देवेंद्र यादव ने शिवांक को ढांढस बताते हुए कहा कि यह लड़का बेहद संवेदनशील, युवा जोश, सियासत के सारे दांव-पेंच अपने दादाजी मंगतराम सिंघल से बचपन से ही सीख रहा है। देवेंद्र यादव चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उमड़े जनसमूह से अपील करता हूं कि अपना बहुमूल्य वोट रूपी आर्शवाद देकर कांग्रेस की ताकत बढ़ाएं।







# सुपर 100, स्टार्टअप से जुड़े युवाओं व युवा उद्यमियों ने बजट पर दिए सुझाव

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं से बजट पूर्व परामर्श पर किया सीधा संवाद, करीब एक घंटा युवा शक्ति से की बजट पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का आगामी बजट हर नागरिक के लिए खुशहाली और हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा। बजट के लिए प्रदेश के हर वर्ग और हर व्यक्ति से सुझाव लिए जा रहे हैं। युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और बेहतरीन सुझाव भी हरियाणा के बजट में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व



की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आने वाला बजट हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं पर खरा उतरे तथा आमजन के लिए खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा कि आज सुपर 100, स्टार्टअप से जुड़े युवाओं तथा युवा उद्यमियों ने बजट पर बहुमूल्य सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में भी युवाओं से जो सुझाव लिए गए थे उन सुझावों को बजट में शामिल किया गया। इस बार प्रदेश के आम नागरिकों से भी सुझाव लेने के लिए पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र या विषय पर अपना सुझाव दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप जैसे कार्यक्रमों से देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया।

**संवाद**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप जैसे कार्यक्रमों से देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया**

इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा शक्ति तेज गति के साथ दुनिया के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इस बजट में युवाओं को लाभ मिले और युवा शक्ति प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सके, इसलिए युवाओं को फोकस रखकर सुझाव लिए गए हैं।

**युवा शक्ति से की अपील मुख्यमंत्री की सुनें बजट स्पीच: राजेश खुल्लर**
मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बार बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने युवा शक्ति से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जिस दिन बजट सत्र में बजट पर अपनी स्पीच देंगे उस स्पीच को अवश्य सुनें।

# वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती के लिए 27 जनवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

**भर्ती**

**परीक्षा के लिए शहर का चयन करें। आवेदन शुल्क का भुगतान करें। आवेदन पत्र को डाउनलोड करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अग्निपथ स्कीम के तहत होने वाली इस भर्ती के लिए आवेदन 27 जनवरी 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट / पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु एक जनवरी 2005 से एक जुलाई 2008 के बीच होनी चाहिए। ये भर्ती अविवाहित पात्रों के लिए निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैथिमेटिक्स, फिजिक्स और इंग्लिश विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना चाहिए या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा पास होना आवश्यक है। साइंस स्ट्रीम के अलावा, अन्य संकाय के कैंडिडेट्स भी अप्लाई कर सकते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी डिटेल्स में शैक्षणिक योग्यता की जांच करने के लिए पोर्टल पर नोटिफिकेशन देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए सबसे पहले उम्मीदवारों को अपनी मेल आईडी और अन्य विवरणों का उपयोग करके आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। इसके बाद लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके साइन इन करें। आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी विवरण जैसे व्यक्तिगत, शैक्षिक और अन्य भरें। फॉर्म में निर्दिष्ट सभी आवश्यक दस्तावेजों को एक फोटो और हस्ताक्षर के साथ अपलोड करें। परीक्षा के लिए शहर का चयन करें। आवेदन शुल्क का भुगतान करें। भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र को डाउनलोड करें।

# सरकार गौ संवर्धन की दिशा में कर रही है काम : रणबीर

**प्रकाश डाला**

**कैबिनेट मंत्री ने गांव पंघाल स्थित गौशाला के वार्षिक समारोह में की शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा सरकार गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन पर पूरा जोर दे रही है। गौशालाओं के विकास के लिए और इनमें पशुओं के रखरखाव के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण गाय के गोबर से बनने वाली वाली खाद पर आधारित खेती करें, ताकि कीटनाशकों के चल रहे अंधाधुंध इस्तेमाल पर रोक लग सके, साथ ही प्राचीन पद्धति के अनुसार हम सभी को ऑर्गेनिक अनाज प्राप्त हो सके। गंगवा ने यह बात ने हिसार जिला के गांव पंघाल स्थित गौशाला के वार्षिक समारोह में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने गौशाला के निर्माण कार्यों के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के बाद रणबीर गंगवा ने आमजन की जन समस्याएं भी सुनी और उनके निपटारे बाबत संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थितजनों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार गौ-सेवा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में रखी जा रही सभी गायों की जानकारी का रजिस्ट्रेशन करवाना चाहिए। सरकार द्वारा गायों के रजिस्ट्रेशन पर ही बजट उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जो वादे किए जाते हैं उनको पूरा करने का भी काम करती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार इस दिशा में लगी हुई है कि कैसे अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक भी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच पाएं। बात चाहे युवाओं की हो या दूसरे वर्ग की, हर वर्ग को ख्याल में रख कर ही सरकार ने योजनाएं बनाई है। इसी के तहत बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरियां देकर सरकार ने मिसाल बनने का काम किया है।

# शिकायतों का निवारण करें अधिकारी: राव नरबीर सिंह

**आदेश**

**फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे उद्योग मंत्री**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जनता के प्रति अधिकारी जवाबदेह बनते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें ताकि लोगों को बेवजह के कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। वे सोमवार को फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। समिति की बैठक में कुल 18 परिवाद रखे गए जिनमें से 12 परिवादों का निदान तत्परता से किया गया और शेष छह परिवाद के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने बैठक में जिला के लोगों को नव वर्ष सहित लोहड़ी व मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर समाज के हर वर्ग के उत्थान का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य कर रही है। परिवेदना समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई करते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन शिकायत आने पर समाधान की दिशा में कदम उठाएं और किसी भी फाइल पर बार-बार ऑब्जेक्शन लगाने की अपेक्षा एक बार ही परिवादी को निर्धारित नियमों की जानकारी दें और शिकायतों का निदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हुए लोगों को उनके शिकायत का स्टेटस बताते हुए संतुष्टि प्रदान की जाए।

# पंडित श्रीराम शर्मा ने अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ किया संघर्षः अरविंद शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** प्रदेश के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पंडित श्रीराम शर्मा को महान स्वतंत्रता सेनानी, साहित्यकार और इतिहासकार बताया। उन्होंने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा ने अंग्रेजों के जुल्म और दमन के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मंत्री ने बताया कि 15 जनवरी को रोहतक के पंडित श्रीराम पार्क में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

# सिरसा जा रही रोडवेज बस के टायरों में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** चंडीगढ़ से सिरसा जा रही हरियाणा रोडवेज की बस के पिछले टायरों में आग लग गई। चालक व परिचालक ने बस में सवार 60 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।? ड्राइवर नरवैल सिंह और कंडेक्टर कीमत सिंह तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। कुछ देर बाद ही फायर के अंदर प्रभारी सत्यवान के साथ फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।? घटना रविवार देर रात कलायत बस अड्डे की है। ड्राइवर नरवैल सिंह ने बताया कि



गांव क्योडक के पास भी बस में तकनीकी खराबी का पता चला था। बस को कैथल वर्कशॉप में चेक कराया गया और क्लीन चिट मिलने के बाद ही आगे के लिए सफर शुरू किया था। उन्होंने बताया कि लंबे रूट पर चलने से कभी-कभी लेदर और ड्रम गर्म हो जाते हैं, जिससे पिछले टायर जाम होने का खतरा रहता है।

गनीमत यह रही की इस घटना में किसी भी यात्री को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# वर्ष 2030 तक राज्य के हर युवा को हुनरमंद बनाना सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री नायब

**लक्ष्य**

**स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलते हुए युवाओं के सपने को साकार कर रही है। हमारी सरकार ने युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का काम किया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद बने और वित्तीय रूप से समृद्ध हो। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई योजनाएं बनाकर कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को जिला अंबाला के गांव कड़ासन में स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। इस मौके पर स्वामी विवेकानन्द उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश तीज और त्योहारों का देश है, जिसमें प्रत्येक पर्व का अपना एक विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और गौरव को विश्व में पहुंचाने का कार्य स्वामी विवेकानंद जी ने किया था। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं, इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**मुख्यमंत्री ने युवाओं से राजनीति में भागीदारी करने का किया आह्वान**
मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में हमारी सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के 1 लाख 71 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भी युवाओं को न केवल रोजगार दिया है बल्कि उनके रोजगार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में भागीदारी करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से आह्वान किया है कि उन्हें सक्रिय राजनीति में आगे आना चाहिए, क्योंकि युवा इस देश का भविष्य हैं।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इसके दौरान सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम के साथ वाद-विवाद, चर्चा और ड्राइंग, स्किट, गीत, पेंटिंग, निबंध आदि सहित) जैसी प्रतियोगिताओं का संचालन करवाया जाएगा। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंध निदेशकों, उपायुक्तों और सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा रजिस्ट्रार को




एक पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता घोषित किया गया है। यह दिन हर साल 25 जनवरी को मतदान केंद्र के स्तर से लेकर ब्लॉक, विधानसभा क्षेत्र, जिला और राज्य स्तर तक पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में शामिल करवाने के लिए जन-साधारण के बीच जागरूकता फैलाना है। साथ ही, इसका उद्देश्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के सहयोग से स्कूली और कॉलेज छात्रों द्वारा खंड, जिला और राज्य स्तर पर रंगोली बनाने, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, रैलियां, परेड टुकड़ियां, नुक्कड़ नाटक आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देना भी है। पत्र में प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ, हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे भी दिलवाएं।

**तैयारी**

**शैक्षणिक संस्थानों में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम के साथ वाद-विवाद होगा**

पत्र के अनुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस का लोगो मतदान के महत्व को दर्शाता है।

# उचाना हलके के छह गांवों को मिली 106 लाख से इंडोर जिम की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके के छह गांवों में बने इंडोर जिम का उद्घाटन करते हुए जनता को इंडोर जिम सर्पित किए। उचाना हलके के खटक-ड़, लोधर, सेढ़ा माजरा, उचाना खुर्द, अलेवा, शाहपुर इंडोर जिम की सौगात मिली है। 106 लाख रुपये की लागत इन पर खर्च हुई है। अलेवा में 19 लाख, खटकड़ में 18 लाख, लोधर में 14, सेढ़ा माजरा में 16, उचाना खुर्द में 20, शाहपुर में 19 लाख रुपये खर्च हुए है। अत्री ने कहा कि ये इंडोर जिम बच्चोंए युवाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी साबित होंगी। ग्रामीण जिम में उपकरणों का सही ढंग से रखरखाव रखें और अपने आपको स्वस्थ्य रखने के लिए इनका प्रयोग करें। खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की नायब सरकार ने खिलाड़ियों के नायाब नीतियां बनाई है। प्रदेश की खेल नीति पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ है। आज दूसरे राज्य भी प्रदेश की खेल नीति का अनुसरण कर रहे है। हरियाणा के खिलाड़ी खेलों में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। ओलम्पिक खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये एवं नौकरी सरकार द्वारा दी जाती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेल है तथा हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा पदक जीत कर हरियाणा व देश का नाम रोशन करने का काम किया है। खिलाड़ी स्वस्थ व तंदरूस्त रहेगा तो वह अच्छा प्रदर्शन करते हुए खेलों में हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करेगा। इस मौके पर पंचायती राज एक्सईएन पोषण कल्याण रिषिराज भार्गव, संदीप चहल, शमशेर चहल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को हाइकोर्ट का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने ये नोटिस फतेहाबाद की रतिया पंचायत समिति के कांग्रेस समर्थित चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता पर दर्ज अपहरण मामले में जारी किया है। केवल कृष्ण ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में दावा किया है कि वह मामला उन्हें पंचायत समिति चेयरमैन पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रतिया सीट से सुनीता दुग्गल का विरोध करने के कारण गढ़ा गया है। इस चुनाव में दुग्गल को हार का सामना करना पड़ा था।




हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कृष्ण के खिलाफ दर्ज मामले में कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने ये आदेश जारी किए हैं। 11 जनवरी को इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पिछले 1 जनवरी को पुलिस ने कृष्ण के खिलाफ समिति के सदस्य नवीन कुमार के अपहरण करने का मामला दर्ज किया था। अपहरण की शिकायत नवीन के भाई सतबीर ने पुलिस को दी थी। इसके बाद दूसरे ही दिन समिति सदस्य नवीन मीडिया के सामने आए और कहा कि वह काम के सिलसिले में गुरुग्राम गए थे, उनका अपहरण नहीं हुआ था इसके बाद कृष्ण हाईकोर्ट पहुंचे। कृष्ण के वकील अमित खटकर ने हाईकोर्ट में दलील दी कि रतिया से चुनाव लड़ते समय सुनीता दुग्गल ने केवल कृष्ण से समर्थन मांगा था। वकील ने कहा कि चुनाव में समर्थन नहीं करने पर दुग्गल बदले की भावना से कर रही हैं। वह अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए कृष्ण के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की साजिश रच रही हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने प्रभाव के कारण किसी भी सदस्य से संपर्क करने से रोकने की कोशिश कर रही हैं। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह की अवधि तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। आम तौर पर अदालत एफ आई आर को रद्द करने की याचिका में पुलिस को कोई भी दंडात्मक कदम उठाने से रोकने के लिए कोई अंतरिम राहत नहीं देगी, लेकिन चरम परिस्थितियों में जहां याचिकाकर्ता उन विशेष परिस्थितियों को दिखाने में सक्षम है, यह अदालत कानून की प्रक्रिया रोकने के लिए हमेशा हस्तक्षेप करेगी। पिछले साल 19 नवंबर को पंचायत समिति के कुल 22 में से 16 सदस्यों ने उपायुक्त को चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंपा था।

**जवाब तलब**

**रतिया पंचायत समिति के कांग्रेस समर्थित चेयरमैन केवल कृष्ण मेहता पर दर्ज अपहरण मामले में जारी किया है।**

# सत्ता का मतलब समाज सेवा: हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला में आज घरौंडा हलके के 6 गांवों का दौरा किया। लोगों की समस्यायें सुनीं और तीसरी बार विजयी बनाने के लिये उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सत्ता का मतलब समाज सेवा है। सरकार इसी सोच के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुटेल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल विश्वविद्यालय के प्रथम चरण की शुरूआत इसी साल हो जायेगी। आगामी सालों में इसका चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जायेगा। हरविंद्र कल्याण ने आज गांव नसीरपुर टिल्ला, नसीरपुर, नलवीपार, डबरकी, सरफाबाद माजरा और सुभरी गांव का दौरा कर विधानसभा



चुनाव में तीसरी बार आशीर्वाद देने के लिये ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने नसीरपुर में 40 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक केंद्र का उदघाटन किया। नलवीपार में 50 लाख 46 हजार की लागत से बनने वाली फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास और 20 लाख की लागत से बनी वाल्मीकि चौपाल का उदघाटन किया। इसी प्रकार डबरकी में 40 लाख की लागत से बने सामुदायिक केंद्र का उदघाटन और 22 लाख से बनने वाली फिरनी का शिलान्यास किया।

**समस्याओं के निपटारे के निर्देश**

उन्होंने उक्त गांवों में लोगों की समस्यायें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिये। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कुटेल में मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रथम चरण की शुरूआत इसी साल हो जायेगी। अगले पांच-दस सालों में चरणबद्ध तरीके से इसका विस्तार किया जायेगा। इस यूनिवर्सिटी के शुरू होने से न केवल घरौंडा हलका बल्कि आसपास के अन्य जिलों तथा पश्चिमी यूपी तक के लोगों को फायदा होगा। बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि रिंग रोड का कार्य तेजी से जारी है, इसके एक साल में पूरा होने की उम्मीद है। नहरों की खुदाई का कार्य भी छह महीने में पूरा होने की संभावना है। एनसीसी अकादमी का काम जारी है। नई आईटीआई का कार्य दो साल में पूरा करवाकर यहां रोजगारपरक कोर्स आरंभ कराये जायेंगे। दस साल पहले यमुना बेल्ट का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था। गांवों में 80 प्रतिशत तक गलियां कच्ची थीं लेकिन अब ऐसा नहीं है। इस बेल्ट के गांवों में गलियों, फिरनी, चौपाल आदि ने अनेक विकास कार्य कराये गये हैं।

**सरकार की सोच समाज भलाई की**

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता का मतलब समाज सेवा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसी सोच के तहत कार्य कर रहे हैं कि देश मजबूत और विकसित बने, समाज का भला हो। सरकार इसी सोच के तहत कार्य कर रही है। पिछले दस सालों में अनेक योजनाओं को ऑनलाईन किया गया है। इसका पात्र लोगों को सीधे लाभ पहुंचने लगा है। यह व्यवस्था परिवर्तन का ही नतीजा है कि युवाओं को मेरिट पर नौकरी मिल रही है।

उन्होंने बताया कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में गांव कोहंड में तीन-चार युवाओं को ही नौकर मिली थी लेकिन अब पिछले दस सालों में यहां के 112 युवाओं को नौकरी मिल चुकी है।

# एनडीपीएस एक्ट को लेकर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मुख्यालय मधुबन में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, प्रमुख ओपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के कुशल मार्ग निर्देशन, दिशा निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं पंखुड़ी कुमार के कुशल नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट बारे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं कोर्स डायरेक्टर गजेंद्र कुमार, जिला न्यायवादी महिपाल सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अम्बाला जगबीर सिंह और निरीक्षक वीरेंदर सिंह द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में ब्यूरो की समस्त ईकाईयों से और समस्त



हरियाणा के प्रत्येक पुलिस जिला से एंटी नारकोटिक्स के अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो के जिला न्यायवादी महिपाल सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अम्बाला जगबीर सिंह, निरीक्षक वीरेंदर सिंह और उप निरीक्षक नरेश द्वारा अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रिया को समझाया गया। इसके अतिरिक्त अनुसंधानकर्ता को ड्रग मुकदमा में किन कमियों की वजह से आरोपी बरी होता है, उस बारे में बताया गया है। कार्यशाला में एनडीपीएस मुकदमों मे हाक साफ्टवेयर और साइबर संबंधित विषय की उपयोगिता बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 50 अनुसंधानकताओं ने भाग लिया। अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया और उच्चतम न्यायालय द्वारा विभिन्न मामलों मे दिए गए आदेशों और दिशा-निर्देशो को समझाया गया।

## न्यूज फ्लैश

### श्रद्धानंद बाल आश्रम में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रद्धानंद बाल आश्रम में मैडलाइन अस्पताल के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे मैडलाइन अस्पताल से बाल विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, चमड़ी रोग विशेषज्ञ, नाक-कान-गला विशेषज्ञ द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई व आवश्यकतानुसार दवाई प्रदान की गई। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि मानव तरस्करी जागरूकता दिवस के उपलक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पैरा लिगल वालंटियर अज्ञा पाल ने उपस्थित स्टाफ व बच्चों को मानवाधिकार व कैम्पेन शक्ति-बाल विवाह के खिलाफ आवाज के बारे में जानकारी दी।

**नेशनल लोकअदालत का आयोजन 8 मार्च को : इरम हसन**

सीजेएम इरम हसन ने बताया कि 8 मार्च को जिला न्यायालय की सभी अदालतों में नैशनल लोक अदालत का आयोज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नैशनल लोक अदालत कोई भी व्यक्ति अदालतों में लम्बित मुकदमों का निपटरा आपसी समझौते के जरिए कर सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे स्थाई लोक अदालत मे रखकर उनका निपटरा कर सकते हैं।

### विधायक जगमोहन आनंद ने जिला बार एसोसिएशन में वकीलों के साथ मनाई लोहड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने सोमवार को हर्षोल्लास के साथ जिला बार एसोसिएशन में वकील साथियों के साथ लोहड़ी का पावन त्योहार मनाया। जिला न्यायिक परिसर में विधायक जगमोहन आनंद ने शिरकत की और बड़ी संख्या में पहुंचे वकील साथियों को लोहड़ी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने करनालवासियों की खुशहाली व तरक्की की प्रार्थना भी की। विधायक जगमोहन आनंद ने करनालवासियों को 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर सक्रांति पर्व की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बड़े हर्ष का विषय है कि लोहड़ी के दिन वे वकील साथियों के साथ मना रहे हैं। यह हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि यहां अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं। लोहड़ी खुशियां बांटने का त्योहार है। उन्होंने कहा कि इस पावन त्योहार पर वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सभी के जीवन में सुख-समृद्धि आए। इस दौरान उन्होंने अग्नि को तिलए गुड़ व मुंगफली अर्पित की। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौधरी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जगदीश चावला व अन्य वकील साथी मौजूद रहे।

### शहर के बीचों बीच बनने वाले फ्लाईओवर का कार्य 15 जनवरी से होगा शुरू : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला उपायुक्त उत्तम** सिंह ने कहा कि करनाल शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए बीचों बीच बनने वाले फ्लाईओवर का कार्य 15 जनवरी से शुरू हो जाएगा। इस फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को फेज वाईज किया जाएगा। पहले फेज में राणा एकादमी से हरियाणा नर्सिंग होम तक के एरिया में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू होगा। ऐसे में इस एरिया में ट्रैफिक बंद रहेगा। ट्रैफिक को राणा एकादमी के पास से डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे में आमजन इसके लिए सहयोग करें। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले सोमवार को डीसी उत्तम सिंह व एसपी गंगाराम पूनिया ने शहर का दौरा किया। उन्होंने पहले फेज में होने वाले निर्माण कार्य के एरिया का निरीक्षण किया और जहां से रूट को डायवर्ट किया जाना है, उससे जुड़ी जानकारी ली। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि जहां से रूट को डायवर्ट किया जाएगा, वहां पुलिस व्यवस्था भी रहेगी। आमजन इस निर्माण कार्य में सहयोग करें और पुलिस द्वारा जारी किए जाने वाले दिशा निर्देश की अनुपालना करें।

# डीएसपी सतीश वत्स ने जाटल व सुताना गांव का किया दौरा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र को साथ लेकर ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को जाटल व सुताना गांव का दौरा किया। उन्होंने गांव की चौपाल में आमजन के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु चर्चा की।



उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है। पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। ताकि वे अपनी उर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही पुलिस नशा तस्करों को काबू करने के साथ ही नशे की सप्लाई की चैन को तोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास कर रही है। साथ ही नशे की गर्त में फसे लोगों की सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में काउंसिलिंग करवाने के साथ दवाई दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा हसते खेलते परिवार को तबाह कर देते है। नशा एक सामजिक बुराई है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर इसके खिलाफ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। आमजन इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें। उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने इस दौरान ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशे के साथ साथ अपराध से भी दूर रहे, आपसी गुटबाजी से बचे। गांव में यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है तो उसके बारे में पुलिस को सूचना दे। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। और आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान गांव की पंचायत व मौजिज व्यक्ति मौजूद रहें। सभी ने अपराध व नशे पर अंकुश लगाने में पुलिस का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, । एसडीएम** संजीव कुमार ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सब्सिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है।

# पांचाल समाज सभा की बैठक में हुई निगम चुनाव को लेकर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज विश्वकर्मा** पांचाल समाज सभा की बैठक सभा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष पांचाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंच संचालन सुशील पांचाल ने किया। बैठक में करनाल नगर निगम के होने वाले चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई एवं डॉ. रामपाल (फौजी) उचाना करनाल जो कि इस सभा के महासचिव हैं। उनको लेकर भी समाज के उपस्थित सभी सदस्यों एवं वशिष्ठ जनों द्वारा एक मत से उनके समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया। सभा में महासचिव के पद पर डॉ.रामपाल फौजी उचाना करनाल ही रहेंगे, ऐसा प्रस्ताव सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी के हिसाब किताब को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी द्वारा समय पर समाज के सामने हिसाब किताब को न रखने एवं समय से नई कार्यकारिणी को रिकॉर्ड न सौपने को लेकर पूर्व महासचिव मनोज पटवा के प्रति रोष प्रकट किया। बैठक में विशेष रूप से बाबू पाल सिंह करनाल, सभा के पूर्व महासचिव लाभ सिंह आर्य, घरौंडा से ओम दत्त पांचाल, रसीना से धर्मपाल पांचाल, बनारसी दास, बंसी लाल, सभा के सचिव रमेश पटवा ने अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किया।

# पत्रकार संघ ने सीएम से पत्रकारों को 5 लाख का चिकित्सा बीमा सरंक्षण देने के लिए कैशलेस योजना को तुरंत लागू करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा पत्रकार** संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पत्रकारों को 5 लाख रुपए का चिकित्सा बीमा संरक्षण देने के लिए कैशलेस योजना को तुरंत लागू करने की मांग की है। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के पत्रकारों से बातचीत करते हुए गत 16 नवम्बर प्रेस दिवस के अवसर पर कैशलेस योजना को लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने इस योजना को लागू करने के लिए अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। यह योजना गत 7 वर्षों से लम्बित पड़ी है। हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष केबी पण्डित ने मुख्यमंत्री को लिखे गए एक पत्र में एक बात पर खेद व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री द्वारा 16 नवम्बर को इस योजना को लागू करने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि लोक सम्पर्क विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद बहुत ही महत्वपूर्ण होता है और उनके द्वारा किए गए वायदे को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। केबी पण्डित ने अपने पत्र में वृद्ध पत्रकारों के लिए लागू की गई मासिक पेंशन योजना में वृद्धि कर उसे कम से कम 20 हजार रुपए मासिक किया जाना अपेक्षित है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वृद्ध पत्रकारों की इस पेंशन वृद्धि पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेंशन योजना के कड़े नियमों के कारण अभी तक राज्य के कुल 160 पत्रकारों को ही इसका लाभ मिल रहा है। यदि वे पेंशन योजना की शर्तों में से पांच साल का राज्य सरकार का एक्रिडिटेशन जरुरी होने की शर्त को हटा दिया जाए तो राज्य के कम से कम 600 से 700 पत्रकारों को इसका लाभ मिलना चाहिए। पेंशन की पात्रता के लिए 60 वर्ष आयु को घटाकर 58 वर्ष की जानी चाहिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष है इसलिए पत्रकारों की पेंशन के लिए भी आयु को 58 वर्ष करना न्यायसंगत होगा। पत्र में केबी पण्डित ने कहा है कि राज्य में नवोदित पत्रकारों को मान्यता देने के लिए गत 10 वर्षों से मीडिया एक्रिडिटेशन कमेटी के गठन की मांग भी लंबित पड़ी है। यथाशीघ्र इस कमेटी का गठन किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक पत्रकारों को इसका लाभ मिल सके।

# नाले के बीच में लगी जाली हुई जर्जर, हादसे का अंदेशा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नगर पालिका** की अनदेखी के चलते न केवल मार्गों की हालात खराब है, बल्कि मार्गों के बीच नालियों पर लगी जाली जर्जर होकर हादसों को निमंत्रण दे रही है। पार्षद भी समस्याओं का समाधान करवाने में बेबस नजर आ रहे हैं। 11 हट्टा बाजार से 148-बी स्टेट हाईवे को जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्राचीन हनुमान मंदिर के नजदीक नाली पर जाली टूट जाने के कारण गड्ढा बना हुआ है। नाली का गंदा पानी रोड के बीच में आ जाने से दुकानदारों व आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने इस समस्या को लेकर





कई बार नगर पालिका प्रधान, पार्षद व अधिकारियों को बता चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। नगर पालिका ने साफ-सफाई के उद्देश्य से रोड के बीच में लोहे की जाली लगवाया है। यह जाली बीते दो माह से टूटी है। जनप्रतिनिधि ही नहीं शहर के लोगों द्वारा नपा को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान करवाने में नगर पालिका प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है। छोटी सी समस्या जो जानलेवा भी हो सकती है। यहां पैदल ही नहीं वाहन चालक भी आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। नाली का गंदा पानी रोड के बीचों-बीच आकर भर जाता है। इस मार्गों से दिनभर में हजारों की संख्या में छोटे-बड़े निजी व स्कूली वाहन आवागमन करते हैं। इसके अलावा यहां से महिला कॉलेज, राजकीय कॉलेज के साथ-साथ राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं पैदल भी आवागमन करते हैं। इस मार्ग पर प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सालय होने के कारण दूर-दराज से आंखों की बीमारी के लिए आने वाले बुजुर्ग व अन्य लोगों की संख्या भी अधिक रहती है। नगर पालिका की ओर दो से तीन दिन में मरम्मत करवाकर जाली लगवाई जाएगी। इसके साथ ही कर्मचारियों से नाली की सफाई करवाई जाएगी। ताकि दुकानदारों व आमजन को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# प्रकृति व संस्कृति से जुड़ा है लोहड़ी पर्व : अरुण कैहरबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांव ब्याना** स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास व परंपरागत रीति से मनाया गया। हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, अंग्रेजी प्राध्यापक राजेश सैनी, हिन्दी अध्यापक नरेश मीत की अगुवाई में स्कूल परिसर में अग्नि जलाई गई। इस मौके पर मुंगफली, गजक और मक्की की फलियां वितरित की गई। अरुण कैहरबा, राजेश सैनी व नरेश मीत ने कहा कि भारत पर्वों व त्योहारों का देश है। ये त्योहार जहां हमारी प्रकृति से जुड़े हुए हैं, वहीं ये संस्कृति को भी समृद्ध करते हैं। व्यस्तता भरे जीवन में यह त्योहार हमें उल्लास और उमंग के अवसर उपलब्ध करवाते हैं और लोगों को एक मंच पर एकजुट करने का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कंपकंपाती ठंड में लोहड़ी का पर्व लोगों को सर्दी का सामना करने कारने का संदेश देता है। लोग आग जलाकर ठंड को भगाते हैं, वहीं मुंगफली, रेवड़ी व गजक आदि का सेवन करके अंदरूनी गर्माहट प्राप्त करते हैं। आग के पास ही लोग गीत गाते हैं और नृत्य करके खुशी का इजहार करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य त्योहारों की तरह ही लोहड़ी के साथ ही लोक कथाएं जुड़ी हुई हैं।

# एचएसजीपीसी के चुनावों में अधिक से अधिक युवा मतदान करें: दादूवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धार्मिक प्रचार कमेटी के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा है कि आने वाले चुनावों में अधिक से अधिक सिखों को मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी तय करे कि केवल सिख पंथ के अनुसार आचरण करने वालों को ही मताधिकार दिया जाए। इसके लिए गाइड लाइन बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश में 26 उम्मीदवार खड़े किए हैं। करनाल से गगनदीप सिंह, असंध से रत्तक को $खड़ा किया हैं। इस समय हरियाणा के सिखों के हकों



पर डाका मारने वालों तथा हकों के पहरेदारों के बीच मुकाबला है। आने वाली 19 जनवरी को निर्णय हो जाएगा। कौन किसके साथ हैं। उन्होंने कहा कि पचास साल तक हरियाणा के हकों को मारने वाले आज चेहरा बदलकर हरियाणा के गुरुद्वारों पर कब्जा करना चाह रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह सिखों के हकों को सुरक्षित रखना चाहते हैं। जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह गुरुद्वारों की गोलकों का धन स्वयं के हितों में

**मताधिकार**

**सरकार भी तय करे कि केवल सिख पंथ के अनुसार आचरण करने वालों को ही मताधिकार दिया जाए**

नहीं सिख पंथ के प्रचार में लगाना चाहते हैं। पिछले दिनों में गुरुद्वारों में सुधार हुआ है। ऐतिहासिक विरासत को वह सहेजकर रखने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की संगत को निर्णय करना है। हरियाणा के सिखों ने बखरी कमेटी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। अब सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने साफ किया कि वह किसी का हक मारने के पक्षधर नहीं हैं। उनका मिशन सेवा और धर्म का प्रचार करना है। लोगों को गोलकों पर कब्जा करने वालों को हराना है। उन्होंने कहा कि वह सिख धर्म के प्रचार को लेकर संजीदा हैं।

उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि गुरुद्वारों मे डिस्पेंसरी, गुरुओं की शिक्षा को युवाओं तक पहुंचाने के लिए शिक्षा केंद्र बने। वह युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के साथ संस्कार को देने की दिशा में काम करेंगे। इस अवसर पर महासचिव इंद्रपाल सिंह, हरमीत सिंह हैप्पी, कुलदीप सिंह और हरदीप सिंह मौजूद रहे।

# सीआईए महेंद्रगढ़ ने अवैध शराब के साथ एक को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो को अवैध शराब, नशीले पदार्थ बेचने वालों और अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित एक आरोपित को पकड़ा है, आरोपित मनोज वासी खायरा से पुलिस ने 20 बोतल बीयर, 12 बोतल अंग्रेजी शराब व 76 पव्वे देसी शराब के बरामद



किए हैं। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपित के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गस्त के दौरान तुलाराम चौक महेन्द्रगढ पर मौजुद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि मनोज वासी खायरा उसकी दुकान के पीछे बने किराए के कमरे में अवैध शराब बेचने का काम करता है और जिसमें अबैध शराब रखी है। टीम ने तुरन्त प्रभाव से बतलाए हुए स्थान पर रेड की, जहां पर एक शख्स कमरे के बाहर खड़ा दिखाई दिया। जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मनोज वासी खायरा बतलाया।

## संपादकीय

# माघ मकर गत रबि जब होई...

**एक स्थान** से दूजे स्थान में पहुंचना व एक-दूसरे का मिलना 'संक्रान्ति' कहलाती है। 'संक्रान्ति' की व्युत्पत्ति पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि यह 'क्रम' धातु का शब्द है, जिसका अर्थ 'गति करना' है। इस धातु के पूर्व में 'सम्यक/उत्तम/श्रेष्ठ रूप से' के अर्थ में 'सम्' उपसर्ग युक्त है। इस धातु में 'क्तिन्' प्रत्यय के जुड़ते ही 'संक्रान्ति' शब्द की रचना होती है। यहां इसका अर्थ है, 'कोई ऐसा बड़ा परिवर्तन, जिससे किसी वस्तु का स्वरूप बिलकुल बदल जाये। जैसेझ्र मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति पर्व के मूल मे रवि अर्थात 'सूर्य' की गति है। ज्ञातव्य है कि सूर्य मास में एक बार अपनी राशि को छोड़कर किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है। वह जैसे ही किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है वैसा ही वह उस राशि की संक्रान्ति कहलाने लगती है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति को सूर्य के संक्रमणकाल का भी पर्व माना गया है। गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई पर ध्यान केन्द्रित करें "माघ मास मकर गत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।" इस चौपाई के अर्थ से ही सुस्पष्ट हो जाता है कि माघ-मास मे जब सूर्य मकर-राशि पर जाता है तब सबलोग तीर्थराज प्रयाग में आते हैं, फिर 'मकर संक्रान्ति' के आयोजन के साक्षी बनते हैं। इसका आशय है कि सूर्य के राशि-परिवर्तन को 'संक्रान्ति' का नाम दिया गया है, जोकि मास में एक बार होता है। पहले सूर्य धनुराशि पर होता है, फिर वह जैसे ही मकर राशि पर पहुंचता है वैसे ही सूर्य 'दक्षिणायन' से 'उत्तरायण' हो जाता है। देवताओं के अयन को 'उत्तरायण' की संज्ञा दी गयी है, जोकि मंगल का प्रतीक होता है; मंगलकारी होता है, इसीलिए इसे 'पुण्य-पर्व' कहा गया है। अनुश्रुति है कि इससे शुभ कर्मों का समारम्भ होता है। यदि किसी की उत्तरायण मे मृत्यु होती है तो वह गमनागमन के बन्धन से मुक्त हो जाता है; अर्थात उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इतना ही नहीं, जब तुलसीदास कहते हैं :झ्र देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।" तो इससे ज्ञात होता है कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर देव, दैत्य, किन्नर तथा मानव-समूहझ्र सब आदरसहित त्रिवेणी मे स्नान करते हैं। इससे सुस्पष्ट हो जाता है कि मकर संक्रान्ति की कितनी महत्ता है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति का पर्व सूर्य को समर्पित होता है। सूर्य को आत्मबल और आत्मविश्वास का कारक माना गया है। इस अवसर पर सूर्य का दर्शन करके उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। ऐसा विधान है कि तांबे के लोटे में रक्त (लाल) चन्दन, लाल पुष्प आदिक मिश्रित जल से पूर्वमुखी होकर तीन बार भगवान् भास्कर को जल दिया जाये, तत्पश्चात अपने स्थान पर ही खड़े होकर सात बार सूर्य की परिक्रमा की जाये। उसके बाद सूर्याष्टक और गायत्री मन्त्र का पाठ किया जाये। इस अवसर पर वर्जना भी है। जैसेझ्र मैथुन करना, भैंस का दूध दूहना, फसल और वृक्ष काटना, कठोर वाणी का व्यवहार करना निषिद्ध है।

'महाभारत' के वनपर्व के अध्याय 43 मे मकर संक्रान्ति के विषय मे उल्लेख है :झ्र

"मकरे संक्रमणे पुण्ये यः सूर्यं पूजयेत्ततः।
तस्य पापं न विद्यते स्वर्गे मार्गः स च विज्ञेयः।"

अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है।

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

**ललित गर्ग**

> "जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई"

**चुनावों में** विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है। नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल



रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो।

उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं, तो इससे राज्य का वित्तिय ढांचा बिगड़ सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान सार्वजनिक धन से मुफ्तखोरी और तर्कहीन वादे करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं।

मुफ्तखोरी की घोषणाएं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की धारणा के खिलाफ है क्योंकि जाहिर तौर पर हर राजनीतिक दल की सार्वजनिक धन तक पहुंच नहीं होगी। मुफ्त के वादे को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी सवाल है कि यह प्रथा कैसे नैतिक है क्योंकि यह मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरह से रिश्वत देने के समान है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलो द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं। हालांकि गरीबों की मदद के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी आधारभूत जरुरतों और कुछ कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के व्यय को जायज ठहराया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं के लिये कुछ योजनाएं रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है। लेकिन इन योजनाओं को वोट हथियाने का माध्यम बनाना लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# कैलिफोर्निया में भयानक आग प्राकृतिक असंतुलन का परिणाम

**संजीव**

**वर्तमान में** पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता और तेजी के परिणाम स्वरुप अमेरिका के कैलिफोर्निया जैसे विकसित और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित शहर और राज्य में विनाशकारी आग ने भीषण तांडव मचा के रख दिया है जिसमें अरबों-खरबों डॉलर के मकान कार्यालय एवं शहर के तमाम मॉल जलकर राख हो गए हैं।

अमेरिकी तथा कैलिफोर्निया प्रशासन आगजनी के तात्कालिक कारणों का पता लगाने में पूरी तत्परता से जुटी हुई है पर इस आगजनी से कैलिफोर्निया के निवासियों का जीवन तहस-नहस हो गया है।

अमेरिका जैसे अतिविकसित देश में इस तरह की आकस्मिक आगजनी की कल्पना करना असंभव सा प्रतीत होता है पर प्रकृति के प्रकोप ने अपना भयानक रूप दिखाया और पूरा का पूरा कैलिफोर्निया आग की चपेट में आ गया। कैलिफोर्निया शहर में हॉलीवुड के तमाम अभिनेता, अभिनेत्रियां, सितारे एवं देश के अनेक राजनीतिज्ञ निवास करते हैं एवं इनके अरबों डॉलर के बंगले भी इसी शहर में थे जो जलकर राख हो गए हैं। स्थिति अमेरिकी प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो गई है, प्रशासन हतप्रभ हाथ में हाथ धरे खड़ा रह गया, सारी संपत्ति आग की चपेट में स्वाहा हो गई। इसके अलावा 16 नागरिकों की मृत्यु भी हुई लाखों लोग बेघर हो गए, हॉलीवुड में आग लगने से पूरे हॉलीवुड के फिल्म स्टूडियो चलकर नष्ट हो गये हैं,लगभग 160000 लोग शहर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। ऐसे विश्व भर में कई उदाहरण है जहां भयानक आग तथा भीषण बाढ़ के कारण अरबो रुपए की संपत्ति नष्ट हुई एवं हजारों लोगों की जान चली गई लाखों लोग बेघर भी हो गए हैं। इसका कारण और कुछ ना होकर मानव की प्रकृति के नियमों की अवहेलना एवं अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं।

औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है।

## विचार

# जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से सजा मकर संक्रांति का उत्सव

**डॉ सत्यवान सौरभ**

हिंदू महाकाव्य महाभारत में मकर संक्रांति से जुड़े माघ मेले का उल्लेख है। हर बारह वर्ष बाद मकर संक्रांति पर कुंभ मेला आयोजित होता है, जो विश्व के सबसे बड़े सामूहिक तीर्थस्थलों में से एक है, जिसमें लाखों लोग आते हैं। संक्रांति को एक ऐसे देवता के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने, किंवदंतियों के अनुसार, राक्षस शंकरसुर को पराजित किया था। यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को दर्शाता है, जो शीतकालीन संक्रांति के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत को दर्शाता है। सूर्य देवता को समर्पित मकर संक्रांति पूरे भारत में मनाया जाने वाला सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि सम्बंधी अत्यधिक महत्त्व का त्यौहार है। भारत और पड़ोसी देशों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है, जिनमें पोंगल, माघ बिहू, उत्तरायण आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र में त्यौहार से जुड़ी अपनी अनूठी रीति-रिवाज और अनुष्ठान होते हैं।

भारत के कई राज्यों में 14 जनवरी को अलग-अलग नामों से सांस्कृतिक उत्सव मनाए जाते हैं-मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू आदि। कई हिंदू त्योहारों के विपरीत, इन त्योहारों की तारीख काफी हद तक तय होती है। मकर संक्रांति, भारत में सबसे अधिक मनाए जाने वाले त्यौहारों में से एक है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है, जो सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। यह त्यौहार आध्यात्मिक भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का मिश्रण है, जिसे विभिन्न राज्यों में विभिन्न रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। यह फसल, समृद्धि और नई शुरूआत का जश्न मनाने का दिन है। व्यापक रूप से मनाया जाने वाला फसल उत्सव है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। यह सर्दियों के संक्रांति के अंत और लंबे, गर्म दिनों की शुरूआत का प्रतीक है, जो आशा, समृद्धि और नई शुरूआत का प्रतीक है। यह त्यौहार भारत के विभिन्न राज्यों में बहुत सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व रखता है। मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के उपलक्ष्य में मनाई जाती है, जो शुभ उत्तरायण काल की शुरूआत का प्रतीक है। यह फसल के लिए आभार और आने वाले वर्ष में समृद्धि की आशा का समय है। यह दिन गेहूँ, चावल और गन्ना जैसी फसलों की कटाई के मौसम का प्रतीक है। यह सूर्य के उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने को दशार्ता है, जो गर्मी और सकारात्मकता लाता है। प्रकृति को धन्यवाद देने और प्रचुरता के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। मकर संक्रांति विविधता में एकता का प्रतीक है, प्रत्येक राज्य अपने अनूठे तरीके से इस त्यौहार को मनाता है। यह समुदाय, नवीनीकरण और कल्याण की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। पवित्र स्नान, प्रार्थना और पारंपरिक मिठाइयाँ तैयार करने जैसी रस्में त्यौहार के सार को दशार्ती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में पोंगल, माघ बिहू और लोहड़ी जैसे विभिन्न नामों से मनाया जाता है। प्रकृति, कृषि और मौसमी चक्रों के महत्त्व पर प्रकाश डालता है। पतंग उड़ाना, लोक नृत्य और दावतें जैसे अनुष्ठान समुदायों को एक साथ लाते हैं। मकर संक्रांति का उत्सव जीवंत रीति-रिवाजों और परंपराओं से चिह्नित है, जो विभिन्न राज्यों में अलग-अलग हैं, पतंग उड़ाना गुजरात और राजस्थान में विशेष रूप से लोकप्रिय, स्वतंत्रता और खुशी का प्रतीक है। तीर्थयात्री गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों में अनुष्ठानिक स्नान करते हैं। पारंपरिक भोजन तिल और गुड़ से बनी मिठाइयाँ बांटी जाती हैं। फसल की खुशी मनाने के लिए राज्यों में मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस समय कपड़े, भोजन और धन दान करना शुभ माना जाता है। स्नान, सूर्य देव को नैवेद्य अर्पित करना, दान, श्राद्ध कर्म और व्रत खोलना जैसी गतिविधियाँ पुण्य काल के दौरान की जाती हैं। यदि मकर संक्रांति सूर्यास्त के बाद होती है, तो ये गतिविधियाँ अगले सूर्योदय तक स्थगित कर दी जाती हैं। श्रद्धालु अक्सर अपने पापों से शुद्ध होने के लिए गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अंतिम समय में तैयारी के टिप्स

**विजय गर्ग**

**जैसे-जैसे** सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आती हैं, छात्रों को अपनी तैयारी तेज करने पर ध्यान देना चाहिए। जैसे-जैसे शैक्षणिक वर्ष समाप्त हो रहा है, छात्र अपनी अंतिम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जबकि कुछ का मानना है कि इन पेपरों में सफलता केवल तभी प्राप्त की जा सकती है जब हम बाकी सब कुछ छोड़ दें, अधिक संतुलित दृष्टिकोण अक्सर बेहतर परिणाम देता है। तो, हम अपने शिक्षार्थियों को उनकी बहुप्रतीक्षित परीक्षाओं की तैयारी में कैसे समर्थन दे सकते हैं? सीखना हमेशा रैखिक नहीं होता. कभी-कभी, आप जल्दी सीखते हैं, कभी-कभी धीरे-धीरे, और कभी-कभी, ऐसा लगता है कि आप कुछ भी नहीं सीख रहे हैं... यहां तक कि आइंस्टीन ने भी इन चुनौतियों का सामना किया था! सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि बाद में आपको यह अहसास न हो कि आप बेहतर कर सकते थे। सकारात्मक बने रहें: उन विषयों और विषयों से शुरूआत करें जिनमें आप आश्वस्त हैं। शुरूआती सफलता का अनुभव प्रेरणा और बाद में अधिक चुनौतीपूर्ण सामग्री से निपटने के लिए आपके आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाता है। एक वैयक्तिकृत पुनरीक्षण समय सारिणी बनाएं और एक योजनाकार या चार्ट का उपयोग करके अपनी प्रगति को ट्रैक करें। अपने चार्ट को पूर्ण विषयों से भरा हुआ देखना अविश्वसनीय रूप से संतोषजनक हो सकता है। अभी शुरू करें... परीक्षाएं कुछ सप्ताह दूर हैं, इसलिए आपकी दीर्घकालिक और अल्पकालिक स्मृति एक साथ प्रभावी ढंग से काम कर सकती है, और परीक्षा के समय तक, अंतिम मिनट में दोहराव प्रबंधनीय प्रतीत होगा। केवल उत्तर याद न रखें. इसके बजाय, अपनी अध्ययन सामग्री को बार-बार पढ़ें। इससे न केवल आपको अवधारणाओं को समझने और तथ्यों को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि यह आपकी वर्तनी में भी सुधार करेगा। जब चीजें समझ में न आएं, तो दूसरे अर्थ को शामिल करने के लिए जोर से पढ़ने का प्रयास करें। कई छात्रों को यह कठिन विचारों को स्पष्ट करने में मदद करता है।

# सड़क की चमक, रिश्तों की धुंध

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**सड़क** के किनारे एक गाँव था, जिसका नाम था "चालाकपुर"। इस गाँव के लोग सड़क के विकास को लेकर हमेशा परेशान रहते थे। गाँव के मुखिया, चतुरदास जी, ने एक दिन घोषणा की कि उनकी सरकार ने एक नई सड़क योजना बनाई है, जिससे लोग बिना इधर-उधर देखे सीधे चल सकेंगे। चतुरदास जी ने कहा, "इस सड़क के फायदे अद्भुत होंगे! जब लोग इधर-उधर नहीं देखेंगे, तो छेड़खानी नहीं होगी, और सड़क पर एक्सीडेंट की संभावना भी कम होगी।" सबने ताली बजाई, जैसे चतुरदास जी ने कोई अद्भुत ज्ञान दे दिया हो। गाँव के अनजान युवक, लल्लू, जो हमेशा तेज गाड़ी चलाने के लिए जाना जाता था, ने चतुरदास जी की बात सुनकर मन ही मन सोचा, "वाह! अब तो मैं भी आराम से चलूँगा।" लेकिन लल्लू की खुशी जल्दी ही काफूर हो गई। गाँव के बुजुर्ग, दादा बबूलाल, ने उसे देखकर कहा, "लल्लू बेटा, अब तुम अपनी तेज गाड़ी नहीं चला पाओगे।" लल्लू ने दादा जी की ओर देखा और सोचा, "इन बुजुर्गों को हमेशा हर चीज में रोड़ा डालने की आदत है।" जैसे-जैसे नई सड़क का काम शुरू हुआ, गाँव में लोगों की एकाग्रता बढ़ने लगी। सब लोग सीधे चलते थे, जैसे किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हों। लेकिन गाँव की "छेड़खानियों" का क्या? उनके लिए तो ये सड़क एक चुनौती थी। अब वे केवल लुक छिपाकर ही छेड़खानी कर सकते थे, और ये बात गाँव की भोली-भाली लड़कियों के लिए और भी भयानक साबित हुई। एक दिन, गाँव में सड़क का उद्घाटन किया गया। चतुरदास जी ने बड़े गर्व से कहा, "देखो, अब हम सब एक जगह से दूसरी जगह बिना किसी खतरे के जा सकते हैं!" लेकिन जैसे ही उद्घाटन हुआ, एक तेज रफ्तार गाड़ी आई और सड़क के किनारे एक बुजुर्ग महिला को धक्का दे दिया। बुजुर्ग महिला, दादी राधा, जो पत्तागोभी खरीदने गई थीं, वहीं गिर पड़ीं। दादी राधा की चीख सुनकर गाँव वाले इकट्ठा हुए। चतुरदास जी ने कहा, "दुखद है, लेकिन ये तो सड़क के फायदे हैं! अब लोग तेजी से चलते हैं और जल्दी पहुँचते हैं।"

## न्यूज फ्लैश

### स्वामी विवेकानंद यूथ आईकोन अवार्ड से सम्मानित हुए संजय

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) अखिल** भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा के तहत दिल्ली के लाजपत भवन मे जिला पानीपत के संजय कुमार को से सम्मानित किया गया। यह सम्मान योग गुरु मंगेश त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा दिया गया। दिल्ली के लाजपत भवन में हुए इस कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश साथ और राज्य के लोग भी मौजूद रहे। संजय कुमार ने बताया कि योग करने से लंबी से लंबी बीमारी भी दूर होती है।सुबह शाम योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है करो योग रहो निरोग।

### अभिभावक बेटियों को बेटों से कम न आंके : नगराधीश टीनू पोसवाल

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** सरकार के दिशानिर्देश अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में जी.टी.रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृतिक सीनियर सैंकडरी स्कूल के सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय बालिका लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंची नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नहीं है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को भी वो अवसर प्रदान करें। जो समाज में बेटों को प्रदान किये जाते लोहड़ी का तोहफा दिया व उन्हें लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मिशन वात्सालय स्कीम की डायरी का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास की ओर से मिठाई वितरीत कर लोहडी का उत्सव मनाया। नगराधीश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसी धरा से बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की शुरूआत की थी। जिसके सार्थक परिणाम आज हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं क्रियान्वित की है। जिनका लाभ वर्तमान बेटियों को मिल रहा है। नगराधीश ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे व्यक्ति भी है जिनका बेटियों के प्रति नजरिया सही नहीं है। वे जन्म के तुंरत बाद बेटियों को कूडे के ढेर में डाल देते हैं, इस घिनोने अपराध के लिए वे किसी भी तरह से माफी के लायक नहीं है। ऐसे लोगों के लिए कई कानून हैं, जिनसे वे बच नहीं सकते। सरकार ने ऐसे लोगों को सजा दिलवाने के लिए कई टोल फ्री नम्बर जारी किये है। आम व्यक्ति इन टोल फ्री नम्बरों के माध्यम से तत्काल सूचना देकर ऐसा घिनोना अपराध करने वालों पर शिंकजा कस सकता है। नगराधीश ने आगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर, आशा वर्कर का आहवान किया कि वे अपने आस पास के क्षेत्र में निगरानी बरते व इस तरह की प्रवृत्ति के लोग दिखाई दे तो तुंरत उसकी सूचना संबंधित विभाग को दे। उन्होंने कहा कि लिंग जांच अपराध है इस पर भी विशेष निगरानी बरते। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास का आभार प्रकट किया।

### समाधान शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा है समाधान : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा सरकार** के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में दो शिकायतें प्राप्त हुई।

# डीसी ने सेवानिर्वित लालचंद की प्राकृतिक खेती का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: शिक्षा विभाग** से लैक्चार के पद से सेवानिवृत होने के बाद गांव चुडि?ाली निवासी लालचंद भारद्वाज प्राकृतिक खेती करते हुए अन्य को भी प्रेरित करने का काम कर रहा हैं। लालचंद द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए जो कार्य किए जा रहें हैं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने उसके खेत में बने फॉर्म में जाकर अवलोकन किया। इस मौके पर उनके साथ कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ जसविन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच हेमंत शर्मा, विद्या सागर शर्मा के साथ-साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सम्बंधित प्रगतिशील किसान से बातचीत करते हुए उन द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा देने के तहत वह क्या-क्या कार्य करते है



उससे आमदनी में कितनी वृद्धि होती है, इसकी जानकारी हासिल की। सम्बधिंत किसान लालचंद भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा विभाग से सेवानिवृत होने के बाद वह यहां पर अपने खेत में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में गन्ने व गेहूं की खेती का कार्य प्राकृतिक खेती के माध्यम से कर रहा हैं। यहां पर देसी गौमाता के गोबर व गौमूत्र से जीव अमृत बनाकर वह खाद व कीटनाशक के रूप में प्रयोग करते हैं। खेती के दौरान किसी भी तरफ के यूरिया व कैमिकल का यूज नहीं किया जाता, यदि खाद की आवश्यकता होती है तो वह गोबर से तैयार की गई खाद का प्रयोग करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जहां वह गेहूं की खेती करते वहीं गन्ने की खेती के साथ-साथ मिलेटस की भी खेती करते हैं। गन्ने की खेती के उपरान्त बिना मसाले का गुड़ भी तैयार करवाते हैं, ऐसा करने से उनकी आमदन में भी बढोतरी हुई हैं। लालचंद भारद्वाज ने यह भी बताया कि मिलेटस की खेती भी वह करते है और अम्बाला छावनी में मिलेटस से सम्बधिंत उनका एक आउटलेट भी हैं तथा यहां से तैयार होने वाले मिलेटस ऑल ओवर इंडिया भेजे जाते हैं। यू-टयूब पर मिलेटस से सम्बधिंत उनके लाखों में फोलोवरस भी हैं, जिसके कारण से उनके मिलेटस की डिमांड भी काफी रहती हैं। उन्होंने अपने अनुभव को सांझा करते हुए बताया कि महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञ सुभाष पालेकर से उन्हें प्रेरणा मिली हैं, जिसके बाद से वह प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में युवा भी अगर आगे आ जाते है जो उनकी मेहनत सफल हो जाएगी, जिसके लिए वे उन्हें व अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रहें हैं।

### सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित हुआ नवीन संकल्प शिविर





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन , सांसद** नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बाबैन के गांव हमीदपुर में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। इस नवीन संकल्प शिविर में गांव के लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नवीन संकल्प शिविर में 118 लोगों को परामर्श और दवाईयां दी गई जबकि 20 लोगों के टेस्ट किए गए। हमीदपुर गांव के शिविर में 69 लोगों को कागजात व नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए हर प्रकार के लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन संकल्प शिविरों में लोगों के पेंशन, आधार कार्ड और परिवार पहचान-पत्र संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल ने स्वास्थ्य के प्रति अलख जगाने के लिए भी तीन मोबाईल मैडिकल युनिट चलाई हुई हैं।

### दूसरों की मदद करना- जीवन का उद्देश्य

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर छठे दिन फायर सेफ्टी डिपार्मेंट से अधिकारी धर्मेंद्र का स्कूल पहुंचने पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। धर्मेंद्र स्वयंसेवकों को बताया कि अग्नि सुरक्षा क्या है? अग्नि के विभिन्न चरण क्या है। अग्नि से होने वाले खतरों पर कैसे ध्यान दिया जाए अग्नि से होने वाले खतरों से कैसे बचा जाए। इन सभी गतिविधियों को स्वयंसेवकों कैंप में सिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान, मेहर सिंह भी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी: एसडीएम** अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह हमारा राष्ट्रीय पर्व है और इस पर्व को हमें हर्षोउल्लास के साथ भव्य तरीके से मनाना हैं। समारोह के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर उन्होनें अपने कार्यालय में उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारी की बैठक लेते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों एवं अन्य को अलग-अलग जिम्मेवारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में उपमंडल स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने



कहा कि उपमंडल स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह को मनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां समय रहते पूरी होनी चाहिए, ताकि कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सकें। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी के तहसीलदार गणतन्त्र दिवस समारोह के ओवर आल इंचार्ज होंगे। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आये अधिकारी को निर्देश दिये कि वे समारोह स्थल पर डाक्टरों की टीम व एंबुलैस की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को पानी की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था, बिजली निगम को बिजली व्यवस्था, बाल विकास परियोजना अधिकारी रंगोली, पुलिस विभाग यातायात व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस-जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस कार्य को समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें। समारोह के दौरान जिन विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना है, उनकी डिटेल निर्धारित प्रोफार्मा के तहत 20 जनवरी तक उनके कार्यालय में उपलब्ध करवाएं।

### वीएमसी ने जारी करी अपने नेशनल एडमिशन टेस्ट की तारीख

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) विद्यामंदिर क्लासेज** (वीएमसी) देश का जाना-माना कोचिंग संस्थान है जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है. वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 18 और 25 जनवरी को ऑनलाइन मोड में तथा 19 जनवरी को ऑफलाइन मोड में होगा । जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा। यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और 100% तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप / मोटिवेशनल सेशंस, निःशुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में लोहड़ी का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोहड़ी जलाकर पूजा अर्चना की गई । विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन , प्राचार्या गीता चोपड़ा व स्टाफ सदस्यों ने रेवड़ी, मूंगफली, तिल, मक्का के फूल आदि अग्नि को समर्पित किए और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि लोहड़ी का पर्व समाज में एकता और



सद्भावना का संदेश देता है। यह पर्व नई फसल के आगमन की खुशी का अवसर है । इसमें दुल्ला भट्टी और सुंदरी मुंदरी की अनूठी याद भी समाहित है। इस अवसर पर सभी ने सुंदर मुंदरिए हो तेरा कौन विचारा हो पारंपरिक लोहड़ी गाकर खूब जश्न मनाया। गीत-संगीत की धुनों पर अध्यापिकाओं ने पंजाबी गिद्दा की आकर्षक प्रस्तुति से समां बांध दिया । चेयरमैन सुधीर जैन ने सभी को लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी को पहले तिलोड़ी कहा जाता था, जो समय के साथ बदल कर लोहड़ी के रुप में प्रसिद्ध हो गया। यह पर्व मुख्य तौर पर प्रकृति और कृषि को समर्पित है। इन दिनों फसलें खेतों में लहलहाने लगती हैं, जिससे नई ऊर्जा का संदेश मिलता है। लोहड़ी के बाद से ही मौसम अनुकूल होने लगता है ।.डायरेक्टर ध्रुव जैन ने कहा कि लोहड़ी पर्व सामाजिक एकता और पारिवारिक सामंजस्य का प्रतीक है ।. उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पर्व दुल्ला भट्टी की कहानी के बिना अधूरी है।.वह मुगलों के समय का एक बहादुर योद्धा था जिसने मुगलों के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कदम उठाया। मुसीबत की घड़ी में दुल्ला भट्टी ने जंगल में आग जलाकर सुंदरी और मुंदरी का विवाह करवाया था।.यह त्योहार बताता है कि जनहित के जुड़े कार्यों को समाज हमेशा याद रखता है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि लोहड़ी का पर्व भारत की रंग-बिरंगी संस्कृति का परिचायक है।

## बिशन सरुप कॉलोनी पानीपत में लोहड़ी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) बिशन सरुप कॉलोनी** पानीपत में एक्सीलेंट अकैडमी एवं अमेरिकन इंस्टीट्यूट द्वारा लोहड़ी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से आग जलाकर व ढोल बजाकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। लोहड़ी का त्यौहार भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार बड़े ही धार्मिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर एक्सीलेंट अकैडमी की डायरेक्टर ज्योति अरोड़ा ने कहा है कि की हमें अपनी भारतीय संस्कृति को



जीवित रखना होगा और इन त्योहारों को मना कर अपने बच्चों को सनातन धर्म का ज्ञान करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश में सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए देश और विदेश में भी भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

## एंडोमेट्रियोसिस के शुरूआती निदान और जागरूकता है जरूरी

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) एंडोमेट्रियोसिस** एक दर्दनाक और क्रॉनिक स्थिति है जिसमें गर्भाशय की परत जैसी टिश्यूज, जिसे एंडोमेट्रियम कहा जाता है, गर्भाशय के बाहर बढ़ती है, आमतौर पर अंडाशय (ओवरी) की सतह पर। यह समस्या दुनियाभर में लाखों महिलाओं को प्रभावित करती है। इसके लक्षणों में गंभीर पेल्विक पेन, भारी मासिक धर्म रक्तस्त्राव, और गंभीर मामलों में बांझपन शामिल हैं। एंडोमेट्रियोसिस का निदान अक्सर देर से होता है, जिससे उपचार में देरी होती है और मरीज की पीड़ा बढ़ जाती है। इस चुनौती को समझते हुए, सीके बिरला हॉस्पिटल, गुरुग्राम, में ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी विभाग की निदेशक




डॉ. अंजलि कुमार के नेतृत्व में इस स्थिति से उभरने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल प्रदान कर रहा है। डॉ. अंजलि कुमार के नेतृत्व में एक 31 वर्षीय महिला का मामला सामने आया, जो किशोरावस्था से ही गंभीर पेल्विक पेन और मासिक धर्म संबंधी असुविधा से जूझ रही थी। वर्षों तक, उसके लक्षणों को ह्लसामान्य मासिक धर्म दर्दह्व समझकर नजरअंदाज कर दिया गया और साधारण दर्द निवारक दवाओं से इलाज किया गया। लेकिन उसकी स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ती गई, जिसके बाद उसने सीके बिरला हॉस्पिटल, गुरुग्राम में विशेषज्ञ चिकित्सा देखभाल ली। परीक्षण में पता लगा कि उनका एंडोमेट्रियोसिस काफी एडवांस्ड स्टेज पर पहुँच गया है, जिसे फ्रोजन पेल्विस भी कहते हैं। फ्रोजन पेल्विस की वजह से अत्यधिक स्कारिंग और अड़हेशन्स होने लगी, जिसके कारण उनके पेल्विस के अंग स्थिर हो गए और उनकी प्रजनन क्षमता भी गंभीर रूप से प्रभावित हुई। डॉ. अंजलि कुमार और उनकी टीम ने इस मरीज की रोबोटिक सर्जरी की, जिसमें जटिल चिपकाव (अड़हेशन्स) को सावधानीपूर्वक हटाया गया, अंगों की गति बहाल की गई और दर्द को कम किया गया। रोबोटिक सर्जरी को एंडोमेट्रियोसिस के उपचार में आधुनिक समाधान बताते हुए डॉ. अंजलि ने कहा, ह्लएंडोमेट्रियोसिस के उपचार में रोबोटिक सर्जरी एक क्रांतिकारी समाधान के रूप में उभरी है। इस मामले में भी, रोबोटिक सर्जरी ने अद्वितीय सटीकता प्रदान की, जिससे सर्जिकल टीम को चिपकाव( अड़हेशन्स) को अलग करने और कम से कम रक्तस्त्राव के साथ इसे हटाने में मदद मिली। मरीज की रिकवरी तेजी से हुई, और उन्होंने कई वर्षों में पहली बार दर्द रहित होने की बात कही। यह तकनीक प्रजनन क्षमता को बनाए रखने और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता करती है, विशेष रूप से इस तरह के मामलों में।

## एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में लोहड़ी का त्यौहार मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) एसडी पीजी** कॉलेज पानीपत में कॉलेज एनएसएस यूनिट्स, वीमेन सेल और सोशल साइंस एसोसिएशन के तत्वाधान में लोहड़ी के पावन अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और स्टाफ सदस्यों ने छात्र-छात्राओं के साथ हिस्सा लिया और डीजे की धुनों पर जमकर डांस किया । लोहड़ी के अवसर पर नई उर्जा और उत्साह से भरे युवाओं ने समाज में जीवन में सैदव विजय होने तथा निरंतर गतिशील रहने का सन्देश सभी को



दिया । इस पवित्र अवसर पर सैंकड़ो छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया और आग जलाकर एवं रेवड़ी-मूंगफली-गजक की महक के साथ डीजे एवं गीत-संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य किया । छात्र-छात्राओं के एकल नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत के बाद कार्यक्रम लोहरी की आग के इर्द-गिर्द सामूहिक नृत्य के साथ अपने उरूज पर पहुंचा । कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने अग्नि प्रज्वलित कर किया । विदित रहे कि लोहड़ी का त्यौहार नए वर्ष का प्रथम महत्वपूर्ण पर्व है जिसमे कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के प्राध्यापको और विद्यार्थीयो ने एक साथ हिस्सा लिया । मकर सक्रांति से एक दिन पूर्व उत्तर भारत विशेषतः हरियाणा और पंजाब में लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है । किसी न किसी नाम से मकर संक्रांति के दिन या उसके आस-पास भारत के विभिन्न प्रदेशों में कोई न कोई त्यौहार मनाया जाता है जो नयी उर्जा, उत्साह और रौनक का द्योतक होता है । वैसे तो हर वर्ग लोहड़ी का त्यौहार बड़े चाव से मनाता है परन्तु पंजाबियों के लिए लोहड़ी खास महत्व रखती है । लोहड़ी से कुछ दिन पहले से ही छोटे बच्चे लोहड़ी के गीत गाकर लोहड़ी हेतु लकड़ियां, मेवे, रेवडियां, मूंगफली इकट्ठा करने लग जाते हैं । फिर लोहड़ी की संध्या को आग जलाई जाती है जहाँ लोग अग्नि के चारो ओर चक्कर काटते हुए नाचते-गाते हैं और आग मे रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दानों की आहुति मंगलकामनाओं के साथ देते हैं और जीवन के निरंतर बहते रहने का सन्देश देते है । डायमंड का छल्ला, सेम टाइम सेम जगह ले गई मेरा दिल, तेरी आंख्या का यू काजल, गजबन पाणी नै चाल्ली, बचना ए हसीनों जैसे गीतों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर डांस किया । आज की गतिविधियों में आकर्षण का केंद्र एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा शाम के समय पानीपत शहर की झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर मूंगफली और रेवड़ी को गरीब बच्चो में वितरित करना रहा जिससे उन वंचित बच्चों एवं परिवारों के मुख पर भी मुस्कराहट आ गई ।

## छावनी क्षेत्र से 15 ग्राम हैरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :अम्बाला पुलिस** द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र एसडी विद्या स्कूल गली के पीछे नशा तस्करी के मामले में 12 जनवरी 2025 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सौरभ निवासी सिकलीघर मौहल्ला अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 15 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार



कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। 12 जनवरी 2025 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है जो आज थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र सुभाष पार्क के पास से गुजरेगा। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए एसडी विद्या स्कूल गली के पीछे सुभाष पार्क की तरफ से आ रहे संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 15 ग्राम हैरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान सौरभ निवासी सिकलीघर मौहल्ला अम्बाला छावनी थाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला के रूप में हुई।

## एईएसएल ने नीटऔर जेईई उम्मीदवारों के लिए लॉन्च किया नया हिंदी यूट्यूब चैनल



**पलवल।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए एक समर्पित हिंदी यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जो विशेष रूप से नीटऔर जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हिंदी भाषी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करेगा। उल्लेखनीय रूप से, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हिंदी यूट्यूब चैनल ने बहुत कम समय में 200,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं। यह नया प्लेटफॉर्म छात्रों को उनकी मातृभाषा में उच्च-गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वे कांप्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसानी से समझ सकें। हिंदी में वीडियो के माध्यम से, चैनल छात्रों को फिजिक्स (भौतिकी), केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान), गणित, बायोलॉजी (जीव विज्ञान) और बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) जैसे महत्वपूर्ण विषयों का पुनरावलोकन (रिविशन) कर विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है। एईएसएल के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा का कहना है, हमारा मानना है कि भाषा कभी भी सीखने में बाधा नहीं बननी चाहिए। हमारे हिंदी यूट्यूब चैनल के लॉन्च के साथ, हम हिंदी भाषी छात्रों को मुख्य विषयों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए एक सुलभ और प्रभावी मंच प्रदान करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यशपाल ने कहा कि यह पहल भाषा से संबंधित बाधाओं को तोड़ती है, यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक छात्र, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या शिक्षा का माध्यम कुछ भी हो, अपने शैक्षणिक सफर और आकांक्षाओं का समर्थन करने वाले मूल्यवान संसाधनों तक पहुंच सके। यह प्लेटफॉर्म बच्चों को बुनियादी शिक्षण से लेकर परीक्षा-विशिष्ट रणनीतियों, मोटिवेशन तक कई प्रकार के शैक्षिक वीडियो उपलब्ध कराता है, जो इसे छात्रों के लिए एक अनमोल संसाधन बनाता है। सामग्री को आसानी से नेविगेट किया जा सकता है और यह नि:शुल्क उपलब्ध है, जिससे वे छात्र भी नीटऔर जेईई परीक्षा तैयारियों के लिए एईएसएल की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं।

## वी के उपभोक्ताओं को मिलेगा महा कुंभ मेले के लाईव दर्शन का अनुभव

**गुरुग्राम।** 12 साल में एक बार होने वाला महा कुंभ मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 156 किलोमीटर में 22 पंटून पुलों के साथ 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच किया जा रहा है। उम्मीद है कि मेले में इस साल 40 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेगे। इस महा कुंभ मेले को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयास में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने वी मुवीज एण्ड टीवी पर लाईव स्ट्रीमिंग के लिए शेमारो के साथ साझेदारी की है।

वी के उपभोक्ता मकर संक्रांति (14 जनवरी), मौनी अमावस्या (29 जनवरी) और महा शिवरात्री (26 फरवरी) के दिन शाही स्नान का अनुभव पा सकेंगे, जब संत और श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगाएंगे। उपभोक्ता विशेष रूप से रिकॉर्ड किए गए कंटेंट, अखाड़ों के दौरे, लोक संगीत एवं भक्ति गीतों के सांस्कृतिक प्रदर्शन तथा लाखों तीर्थयात्रियों को सहयोग प्रदान करने वाले विशाल बुनियादी ढांचे की कहानियों का एक्सेस भी पा सकेंगे। इसके विशेष फीचर्स में शामिल है- संतों एवं आध्यात्मिक लीडरों के साथ इंटरव्यू; कल्पवासियों पर विशेष फीचर्स और पहली बार आने वाले तीर्थयात्रियों की मार्मिक कहानियां।

# स्लम एरिया के अनाश्रित बच्चों के लिए एक नायाब कदम परियोजना का शुभारंभ

### इन बच्चों को शिक्षा और कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा

**सर्वांगीण**

**बच्चों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्यशालाएं लगेंगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अंबाला छावनी के लघु बाल भवन में एक नायाब कदम परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्देश्य स्लम एरिया, झुग्गी बस्तियों और अनाश्रित बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इन बच्चों को शिक्षा और कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर उनके जीवन को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों के साथ लोहड़ी का पर्व भी मनाया और उन्हें मूंगफली, रेवड़ी व गचक वितरित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि एक नायाब कदम परियोजना के तहत स्लम एरिया और झुग्गी बस्तियों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इनमें कैरियर परामर्श, नैतिक मूल्यों की शिक्षा, थिएटर, डांस, ललित कला, योग, मार्शल आर्ट, कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर और खेलों का प्रशिक्षण शामिल है। उन्होंने बताया प्रथम चरण में लगभग 300 बच्चों को इस परियोजना से जोडे का लक्ष्य रखा गया है।

उपायुक्त ने बच्चों के साथ लोहड़ी का पर्व मनाने के दौरान उनके साथ कुछ समय बिताया और बच्चों से बातचीत करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया। इस मौके पर बाल भवन की तरफ से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों का उपस्थित सभी ने आनंद लिया व उनकी प्रतिभा की खूब सराहना की। इस दौरान बच्चों ने भक्ति गीत, लोहड़ी गीतों पर समूह नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपायुक्त ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढे की प्रेरणा दी। इस अवसर पर आरसीसी यूथ के वॉलंटियर्स को वॉलंटियर पत्र भी वितरित किए गए और उपायुक्त ने 3 सहयोगी भागीदारों जिसमें प्राचार्य एसडी विद्या मन्दिर, आरसीसी यूथ अम्बाला की प्रधान व हरियाणा स्टेट एवं स्काउटस एण्ड गाईड अम्बाला ऑफिसर इंचार्ज को सहयोगी पत्र दिए।

उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद् अंबाला को इन बच्चों की देखभाल और उनके विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिशन वात्सल्य योजना के तहत बेसहारा बच्चों को अस्थायी आवासीय सुविधा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों, प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों से इस नेक कार्य में सहयोग की अपील की ताकि इन बच्चों को एक उज्जवल भविष्य दिया जा सके। उन्होंने कहा कि स्लम एरिया और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को सर्वोत्तम कल्याणकारी सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इन बच्चों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कार्यशालाएं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी में मनाया लोहड़ी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी कच्चा घेर एवं शीला नगर कुरुक्षेत्र के स्टाफ ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। ढोल बजाकर लोहड़ी की खुशियां मनाई। ट्रस्ट के सदस्य एचसी मुंजाल ने कहा कि लोहड़ी य मकर संक्राति का त्यौहार आपसी सद्भावना व भाईचारे का प्रतीक है। इस पर्व से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। उन्होने कहा की ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से आपसी एकता व समरसता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि लोहड़ी से जुड़ी प्रमुख लोककथा दुल्ला भट्टी की है जो मुगलों के समय का एक बहादुर योद्धा था। जिसने मुगलों के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कदम उठाया था। एक ब्राह्मण की 2 लड़कियों सुंदरी मुंदरी के साथ इलाके का मुगल शासक जबरन शादी करना चाहता था। इस मुसीबत की घड़ी में दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की मदद की और लड़के वालों को मना कर एक जंगल में आग जला कर सुंदरी मुंदरी का ब्याह कराया। दुल्ले ने खुद ही उन दोनों का कन्यादान किया। इसी कथा की हिमायत करता लोहड़ी का यह गीत है, जिसे लोहड़ी के दिन गाया जाता है सुंदर, मुंदरिए हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्ले धी व्याही हो, सेर शक्कर पाई हो। इस अवसर पर सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, डा. विष्णु दत्त शर्मा, डा. महाबीर शर्मा, डा. मनीश कुकरेजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. शालिनी रहलन, डा. नैंसी, डा. धवनीत, डा. दीक्षा सैनी, डा. काजल, अंकिता, विजय, राजू, स्वीटी, सुमन, निशा, कंचन, हेमन्त, काजल, हैप्पी, कर्मचंद व मीना मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए करें ऑनलाइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ दिया जाएगा।

सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

## देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी: नायब सिंह

**सहयोगा**

**लोहड़ी जैसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। यह पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशाते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी है। इस प्रकार लोहड़ी जैसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। यह पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ने वाला एक प्रमुख पर्व है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं की तरफ से आयोजित लोहड़ी पर्व के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने परम्परा अनुसार युवा पीढ़ी के साथ लोहडी का पर्व मनाया। इस दौरान युवाओं ने लोहड़ी पर्व के गीत गाए और लोहड़ी का जश्न मनाया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रान्ति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार किसान भाईयों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। इस दिन किसान सूर्य देवता का आशीर्वाद लेते हैं ताकि नई फसल में भरपूर पैदावार मिल सके। यह पर्व हमारे देश के ग्रामीण और शहरी भारत के बीच की दूरी को भी कम करने का माध्यम है। भारत एक ऐसी भूमि है जहां विविधता में एकता देखने को मिलती है। यह लोहड़ी पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ता है। आज युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मलेरिया की रोकथाम के लिए किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। इस विषय के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि नशे को लेकर सरकार की तरफ से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। यह अधिकारी प्रदेश में गलत गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखेंगे।

## कुलपति कार्यालय प्रांगण में मनाया गया लोहड़ी व मकर संक्रांति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में सोमवार को कुलपति कार्यालय के प्रांगण में लोहड़ी पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर सक्रान्ति की बधाई व शुभकामनाएं दी।



कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि लोहड़ी का पर्व खुशहाली का प्रतीक है। ऐसे उत्सव समाज को जोडे का काम करते हैं। इसलिए भारतीय समाज में लोग उत्सवों को एक साथ एकत्रित होकर मनाते हैं। इस अवसर पर मूंगफली, रेवडिा व

**पावन पर्व**

**लोहड़ी का पर्व खुशहाली का प्रतीक है। ऐसे उत्सव समाज को जोडे का काम करते हैं**

गजक वितरित की गई। इसके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र वश्वविद्यालय परिसर में अनेक विभागों में ढोल नगाड़ों की थाप पर लोहड़ी का पावन पर्व मनाया गया। कुवि के आईटीआर संस्थान में विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य द्वारा प्रस्तुति दी।

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पंजाबी विभाग, अंग्रेजी विभाग, आईआईएचएस, कामर्स, फाईन आर्टस, शिक्षा विभाग, यूएसएम सहित अन्य विभागों में लोहड़ी पर्व की धूम रही तथा विद्यार्थियों ने ढोल की थाप पर खूब मस्ती की।

## सेवा सुरक्षा सहयोग को सार्थक कर रही इआरवी डायल-112

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र में इमरजेंसी रिस्पांस एंड सपोर्ट सिस्टम डायल-112 पर तैनात कर्मचारी डायल-112 सिस्टम को सफल बनाने के लिए दिन रात अपनी डयूटी ईमानदारी व लग्न से कर रहे हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा द्वारा जिला पुलिस में डायल-112 पर तैनात कर्मचारी अपने-अपने एरिया में 24 घंटे डयूटी कर रहे हैं तथा आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कोई भी व्यक्ति किसी भी समय




मुसीबत आने पर पुलिस सहायता के लिए डायल-112 पर काल करके पुलिस सहायता मांग सकता है। पुलिस शिकायतकर्ता के पास चंद मिनटों में ही पंहुच जाती है। इसके अतिरिक्त इन वाहनों पर लगे पुलिसकर्मी अपने-अपने एरिया में अपराधिक मामलों पर भी नजर रखे हुए हैं। श्री वरुण सिंगला ने बताया कि हरियाणा पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के स्लोगन को सार्थक करते हुए जिला पुलिस ने ऐसा ही एक उदाहरण पेश किया है। दिनांक 9 जनवरी 2025 को समय करीब 3.30 बजे गांव बरोंदा लाडवा के पास मोटरसाईकिल पर बर्तन बेचने वाले कुबेर सिंह नामक व्यक्ति से दो लडकों ने उसके साथ मारपीट करके उससे 6 हजार रुपये छीनकर बडौन्दा की तरफ भाग गये। इसके बाद कुबेर सिंह वासी चंदिला गढ़ी जिला हाथरस यूपी हाल वासी गीता कालौनी लाडवा ने डायल-112 पर काल की।

## कारों की आमने-सामने टक्कर में महिला की मौत, दो घायल

**फतेहाबाद।** जिले के उपमंडल रतिया के गांव कमाना के पास दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रतिया पुलिस मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं सोमवार को आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कलोठा निवासी गुरदास सिंह ने कहा है कि वह अपनी पत्नी प्रेमलता व भतीजे राजकुमार की पत्नी छिन्द्रपाल निवासी कलोठा के साथ अपनी कार में सवार होकर गांव वापस आ रहे थे।

## कुंभ मेले के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना को लेकर किया रुद्राभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जनकल्याण और राष्ट्र उत्थान को समर्पित नगर की प्रतिष्ठित संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विश्व प्रसिद्ध महाभारत कालीन श्री स्थानेश्वर स्थाणु शिव मंदिर में प्रयागराज में आरंभ हुए कुंभ मेले के निर्विघ्न संपन्न होने की भावना को लेकर रुद्राभिषेक किया गया। इस बारे संस्थाध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि बड़े सौभाग्य का विषय है कि तीर्थराज प्रयागराज में आज पूर्णिमा के पावन दिवस पर विशाल कुंभ मेले का विधिवत रूप से आरंभ हो गया है जिसका पहला शाही स्नान कल संक्रांति के पुण्य दिवस को होगा जिसमें विभिन्न अखाड़ों,पीठों के जाने- माने



धमार्चार्य,नागा साधु,संत,मुनि,संन्यासियों के साथ-साथ आम जन-मानस भी पवित्र गंगा - यमुना के श्याम - श्वेत संगम में स्नान कर पुण्य अर्जित करेंगे और अपना जीवन धन्य करेंगे।अनिल वर्मा ने बताया कि इस बार कुंभ का जो संयोग बना है वो अति दुर्लभ संयोग है जो कि 144 वर्षों बाद आया है।उन्होंने आगे बताया कि कुंभ मेले का अंतिम शाही स्नान फरवरी में महाशिवरात्रि पर होगा।इस प्रयागराज विशाल कुंभ मेले में अंतिम शाही स्नान तक लगभग 40 करोड़ से अधिक देश- विदेश से आने वाले श्रद्धालु श्रद्धा की डुबकी लगाएंगे और आत्म कल्याण और जन कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण

**विधिवत**

**तीर्थराज प्रयागराज में आज पूर्णिमा के पावन दिवस पर विशाल कुंभ मेले का विधिवत रूप से आरंभ हो गया है**

योगदान देंगे ।अनिल वर्मा ने कहा कि इस विशाल आयोजन को बुरी आसुरी शक्तियों के दुष्ट इरादों से महादेव बचाए रखें ताकि भारत के मान सम्मान को कोई ठेस न पहुंचे इसलिए उनकी उत्थान सामाजिक संस्था के द्वारा महादेव से प्रार्थना करते हुए रुद्राभिषेक किया गया है जो प्रभु कृपा से निश्चित ही फलदायी होगा।

## स्वामी विवेकानंद के धर्म के केंद्र में मनुष्यता की निस्वार्थ सेवा: श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** स्वामी विवेकानंद विश्व में भारतीय संस्कृति के गौरव को प्रतिष्ठा दिलाने वाले संतों में अग्रगण्य हैं। उनका जीवन धर्मज्ञान का जीवन स्वरूप है। स्वामी विवेकानंद महान ज्ञानी, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्ण संत थे। योग के अभ्यासी, वेदांत के ज्ञाता तथा ईश्वर के अन्नय भक्त थे। इन सबसे बढ़कर वे सेवा धर्म के मर्मज्ञ संत थे, जिनके उपदेश एवं आचरण में कहीं अंतर नहीं था। यह विचार स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मातृभूमि सेवा मिशन के 22वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद



विद्यालय परिसर ब्रम्हसरोवर लग मिशन द्वारा आयोजित सेवा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रम्हचारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से किया। इस अवसर पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा नारायण सेवा भी की गई।

डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा सेवा की भावना वास्तव में व्यक्त के स्वभाव में ओर संस्कारों के परिणामस्वरूप अंत:करण में होती हे। सेवा किसी पर थोपी नहीं जा सकती। निस्वार्थ भाव से जो किसी की भी सहायता करने को तत्पर हो जाता है, वही सेवा कर सकता है। सेवा का मूल है संवेदना एवं सहानुभूति। दूसरों की परिस्थिति देखकर उनके द्वारा सहे जाने वाले कष्टों का चिंतन स्वयं को उस परिस्थिति में मानकर करना तथा

**ओजस्वी**

**उनका जीवन धर्मज्ञान का जीवन स्वरूप है। स्वामी विवेकानंद महान ज्ञानी, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्ण संत थे**

उससे तादात्मय सम्बन्ध कर लेना ही सहानुभूति है। सहानुभूति कर्म रूप में परिणति ही सेवा है। स्वामी विवेकानंद के धर्म के केंद्र में मनुष्यता की निस्वार्थ सेवा है। स्वामी विवेकानंद का जीवन सेवावृत्ति के अनेक उदाहरणों एवं प्रेणादायी प्रसंगो से परिपूर्ण है। मातृभूमि सेवा मिशन विगत। 21 वर्ष से स्वामी विवेकानंद के सेवा दर्शन को आत्मसात कर विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से सेवरत है। डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा हर मानव भगवान का ही स्वरूप है। हमें भूलना नहीं हैं कि अज्ञानी, दरिद्र, निम्न कही जाने वाली जातियों के लोग सब तुम्हारे ही भाई हैं। उनमें भी तुम्हारे ही जैसा रक्त-मांस है। हे वीरो! साहस का अवलंबन करो। गर्व से कहो मै हिंदू हूँ। प्रत्येक भारतीय मेरा सगा भाई हे। चिल्लाकर कहो कि प्रत्येक भारतवासी, चाहे वह अज्ञानी, दरिद्र हो, ब्राह्मण हो या चांडाल हो, सभी मेरे सहोदर हैं, मेरे प्राण हैं। हर परिस्थिति में, मैं इनकी सेवा के लिए तत्पर तथा संकल्पित हूँ।

## नेस्ले इंडिया ने में प्रोजेक्ट वृद्धि का विस्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबाला। नेस्ले** इंडिया ने एसएम सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर प्रोजेक्ट वृद्धि को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लांच किया है। इस प्रोजेक्ट से चतरा तहसील के अईकर, नरोखारा, करमनु, परारी, खुर्द और विराधी गांवों के 6000 से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। प्रोजेक्ट वृद्धि को 2019 में हरियाणा के नूह जिले में शुरू किया गया था और तब से यह जल संरक्षण, पोषण जागरूकता, शिक्षा और कृषि पद्धतियों के क्षेत्र में 14 गांवों के 18,000 से ज्यादा लोगों के लिए मददगार साबित हुआ है। संजय खजुरिया, डायरेक्टर, कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं



सस्टेनिबिलिटी, नेस्ले इंडिसा ने कहा, प्रोजेक्ट वृद्धि ने हरियाणा के गांवों में महत्वपूर्ण बदलाव लाकर उनकी स्थिति को सुधारा है, जिससे उन्हें स्वच्छ जल, पोषण, शिक्षा और कृषि की संवहनीय पद्धतियों तक आसानी से पहुंच मिली। अब हम इस पहल को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लेकर जा रहे हैं, जहां हमारा फोकस स्थानीय समुदायों को सही संसाधनों और ज्ञान से सशक्त करना है। एसएम सहगल फाउंडेशन की ट्रस्टी एवं सीईओ अंजली मखीजा ने कहा, प्रोजेक्ट वृद्धि का उत्तर प्रदेश के नये क्षेत्रों में फैलना हमारे लिए गर्व की बात है। पिछले पांच वर्षों में इसने हरियाणा के ग्रामीण समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

# समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति नागरिक संतुष्टः डॉ. पंकज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की नायब पहल ने जनता समाधान शिविर में नागरिकों के मन को पूरी तरह से जीत लिया है। एक अटूट विश्वास लोगों में प्रशासन के प्रति बना है। इस सबके पीछे मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच व प्रशासनिक अधिकारियों की मेहनत है। सोमवार को जिला सचिवालय में आयोजित किये गए समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति नागरिक पूरी तरह से संतुष्ट हैं।



अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का एक बार पंजीकरण हो जाता है तो उसका समाधान देर सवेर जरूर होता है। समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का जिस तीव्र गति से समाधान हो रहा है उससे लोगों में खुशी का वातावरण बन गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर समाधान शिविर में पहुंचे व कोशिश करें कि शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे

**शिविर का लाभ**

**▶▶ अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर समाधान शिविर में पहुंचे**

नागरिकों की समस्याओं के समाधान में देरी न हो। उन्होंने कहा कि ये समाधान शिविर जनता की समस्याओं का मूल समाधान करने को लेकर आयोजित किये जा रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में नागरिकों को समाधान शिविर में न आना पड़े इसका भी हमें विशेष ध्यान रखना है और इस पर भी निगरानी बरतनी है कि विभाग में कुछ ऐसा न हो कि लोगों को फिर दरबार में आना पड़े। उनकी हर समस्या का समाधान वे पूरी तन्म्यता से करें।

समाधान शिविर में कृष्णपुरा रेजिडेंटस वेलफेयर एशोसिएशन ने संजय पार्क में बिजली विभाग से संबंधित समस्या रखी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्म के लिए जो बिजली के पॉल खड़े किये है वे लोगों के लिए भविष्य में बड़ी आपदा बन सकते है। उन्होंने बताया कि गत दिवस एक बच्चे को करंट लगने का हादसा हो चुका है। इसकी पुनावृत्ति न हो

# दो गोल्ड मेडल जीतकर लौटे रायपुर गांव के अरुण का जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः झारखंड** के रांची में हुई नेशनल स्कूल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतकर लौटे रायपुर गांव के अरुण व उनके कोच का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। वरुण ने अंडर-19 में 3 हजार मीटर दौड़ में नेशनल स्कूल गेम्स में 8 मिनट 09 सेकेंड 25 मिलीसेकंड में नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। स्वागत समारोह में सोनीपत के भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदुआ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के बेटे वीरेंद्र बड़ौली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अरूण की उपलब्धि और उनके कोच के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण तबके के खिलाड़ी अरुण ने गांव, जिला व पूरे राज्य का नाम पूरे देश में रोशन किया है। बीती 7

**अभिनंदन**

**▶▶ ग्रामीणों ने अरुण को सम्मानित करने का काम किया है। इससे सकारात्मक संदेश जाता है**


जनवरी को झारखंड के रांची में हुई 68वीं नेशनल स्कूल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अरुण ने अंडर-19 आयु वर्ग की 3 हजार मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है। कोच संदीप के मुताबिक, एसजीएफआई अंडर-19 में पुराना रिकॉर्ड 8 मिनट 16 सेकंड का था। जिसे अरुण ने तोड़ा है और 8 मिनट 9 सेकंड 25 मिलीसेकंड का नया रिकॉर्ड बनाया है। 8 जनवरी को 6 हजार क्रॉस कंट्री में अरुण ने 17 मिनट 37 सेकंड 19 मिली सेकंड में रेस पूरी का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त अरुण ने दिसंबर-2024 में हुई 39वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर रेस में ब्रोंज मेडल अपने नाम किया था। यह रेस 29 मिनट 43 सेकंड 48 मिलीसेकंड पूरी की। मुख्य अतिथि जसबीर व वीरेंद्र बड़ौली ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ी किसी परिवार या गांव का नहीं होता, वह पूरे समाज का होता है।

ग्रामीणों ने अरुण को सम्मानित करने का काम किया है। इससे समाज में न सिर्फ सकारात्मक संदेश जाता है बल्कि खिलाड़ी का भी हौसला बढ़ता है। अरुण की जीत के पीछे उसके कोच का मार्गदर्शन और उसके पिता मनोज व माता रविता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**न्यूज फ्लैश**

## एंजेल वन ने निवेशकों को धोखाधड़ी वाले सोशल मीडिया समूहों और अनधिकृत निवेश योजनाओं के बारे में सचेत किया

**गुरुग्राम।** फिनटेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को एंजल वन के नाम का दुरुपयोग करने वाले और इसके वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर धोखाधड़ी करने वाले सोशल मीडिया समूहों के बढ़ते प्रचलन के बारे में चेतावनी दी है। कंपनी ने पाया है कि सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एंजल वन से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए कई अनधिकृत समूह बनाए जा रहे हैं। एंजल वन ने पाया है कि ये धोखाधड़ी करने वाले समूह अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, जिसमें आवश्यक सेबी पंजीकरण/अनुमति के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित सलाह या सिफारिशें प्रदान करना, साथ ही सेबी की मंजूरी के बिना प्रतिभूतियों से संबंधित रिटर्न और प्रदर्शन के बारे में अनधिकृत दावे करना शामिल है। व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूह एंजल वन लिमिटेड के ब्रांड नाम और लोगो के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम और छवियों का अवैध और भ्रामक तरीके से दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे आम जनता को यह विश्वास हो रहा है कि वे एंजल वन लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि प्रतिभूति बाजार में अनधिकृत निवेश सलाह देना या रिटर्न की गारंटी देना सख्त वर्जित है और निवेशकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित परिश्रम करें और हमारे संगठन से होने का दावा करने वाले किसी भी संचार की प्रामाणिकता को सत्यापित करें। वैध निवेश निर्णय हमेशा पूरी तरह से शोध और अधिकृत स्रोतों से जानकारी के आधार पर होने चाहिए। एंजेल वन द्वारा कहा गया कि एंजेल वन लिमिटेड का किसी भी नकली एप्लिकेशन, वेब लिंक या निजी व्हाट्सएप/टेलीग्राम समूहों के साथ कोई सीधा या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है और धोखाधड़ी वाले एप्लिकेशन या वेब लिंक के साथ लेन-देन के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी वित्तीय नुकसान या परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। एंजेल वन ने स्पष्ट किया कि यह ग्राहकों को अनौपचारिक सोशल मीडिया समूहों में नहीं जोड़ता है, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का अनुरोध नहीं करता है, अनधिकृत चैनलों के माध्यम से धन की मांग नहीं करता है, या गारंटीकृत रिटर्न का वादा नहीं करता है। सभी वैध लेन-देन केवल एंजेल वन के आधिकारिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने चाहिए, और एप्लिकेशन केवल आधिकारिक स्रोतों और अधिकृत ऐप स्टोर से डाउनलोड किए जाने चाहिए। एंजेल वन निवेशकों के हितों की रक्षा करने और सुरक्षित ट्रेडिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी सभी निवेशकों को सतर्क रहने और अपनी वित्तीय सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करती है। जनता को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वे ऐसी संस्थाओं से जुड़ने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दें। यदि आप किसी संभावित घोटाले का सामना करते हैं, तो आप समर्पित हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर साइबरक्राइम पोर्टल पर इसकी सूचना दे सकते हैं।




## एरो ने रोमांचक एंड-ऑफ-सीजन सेल की घोषणा कीः 2 खरीदें, 2 पाएं ऑफर!

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध प्रीमियम मेन्सवियर ब्रांड एरो ने अपने बहुप्रतीक्षित एंड-ऑफ-सीजन सेल (एडरर) की घोषणा की है! अब ग्राहक अपने वार्डरोब को टाइमलेस एरो पीस के साथ नया रूप दे सकते हैं और साथ ही बेहतरीन ऑफर का आनंद ले सकते हैं, जिसमें मुख्य आकर्षण हैः स्टाइलिश परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला पर 2 खरीदें, 2 पाएं। लेकिन इतना ही नहीं है—एरो ने आपके शॉपिंग अनुभव को और भी अधिक लाभदायक बनाने के लिए और भी शानदार ऑफर्स पेश किए हैं। चाहे वह आकर्षक फॉर्मल वियर हो या बहुमुखी कैजुअल्स, यह आपके लिए अद्वितीय स्टाइल को अविश्वसनीय कीमत पर अपनाने का अवसर है। एंड-ऑफ-सीजन सेल सीमित समय के लिए है, इसलिए इन विशेष डील्स का अधिकतम लाभ उठाने के लिए निकटतम एरो स्टोर पर जल्दी करें। चाहे आप अपने कार्यस्थल की अलमारी को अपग्रेड कर रहे हों, विशेष अवसरों की तैयारी कर रहे हों, या अपने कलेक्शन में क्लासिक्स जोड़ रहे हों, एरो में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इस मौके को हाथ से न जाने दें—आज ही अपने पसंदीदा एरो स्टोर पर जाएं और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव का आनंद लें। एरो के सीईओ आनंद अय्यर ने कहा, "हम अपने ग्राहकों को उनकी अलमारी को हमारे प्रीमियम कलेक्शंस के साथ निखारने का शानदार अवसर देने के लिए उत्साहित हैं। ह्य2 खरीदें, 2 पाएंह्व ऑफर के साथ-साथ स्टोर में उपलब्ध अतिरिक्त रोमांचक प्रमोशन्स के जरिए हम बेजोड़ मूल्य और स्टाइल प्रदान करना चाहते हैं।

# नशे को कहें न और जीवन को कहें हाँ...

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
नशे की लत मौत का खत। नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है। नशे को छोडो जीवन से नाता जोड़ो। नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। जैसे असंख्य नारों के साथ हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार



हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में पहुंचे हुए थे। विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिविर में उन्होंने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों

**अभियान**

**▶▶ नशे की लत मौत का खत। नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है। नशे को छोडो जीवन से नाता जोड़ो**

में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# जमीनी विवाद में मां को पीटने का आरोप, बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव में प्रॉपर्टी विवाद के चलते एक युवक पर उसकी मां ने मारपीट करने व धमकी देने के आरोप की शिकायत दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कमासपुर निवासी कौशल्या देवी ने बताया कि उसके पति की चार साल पहले मौत हो चुकी है। वह गांव में ही रहती है। उसका छोटा बेटा करीब 20 साल से उनसे अलग समालखा में रहता है। गत दस जनवरी को वह शराब के नशे में उसके घर में घुस आया। उसने सामान को तोड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। आरोपित ने पैर पर कुल्हाड़ी से भी वार किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोबाइल छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहन निवासी जनता कॉलोनी सोनीपत, सुखदेव निवासी ग्यासपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों आरोपितो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मुजफ्फरपुर बिहार हाल वेस्ट राम नगर निवासी रोशन ने गत 9 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह करीब साढ़े आठ बजे अपने काम से वापिस आ रहा था। एटलए रोड से होते हुए किराए के मकान पर वापस जा रहा था। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर दो लड़के आए। उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक परविंद्र की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी किया मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# लोहड़ी पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**मत्था टेका**

**▶▶ लोहड़ी व पूर्णमासी के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब, माडल टाउन में लोहड़ी व पूर्णमासी के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। स्त्री सत्संग



द्वारा सुखमणी साहिब के पाठ और भाई गुरमुख सिंह के गुरबाणी कीर्तन ने संगत को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।
इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिह बिल्ला ने कहा, कि ह्रलोहड़ी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि खुशहाली, एकता और मेहनत का प्रतीक है। दशकों से यह पर्व कृषि पर आधारित परिवारों के लिए फसल कटाई का उत्सव रहा है।

# ताले तोड़कर घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव कामी में चोर एक घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मकान मालिक और उनकी पत्नी फौजी बेटे के पास महाराष्ट्र गए है। पीछे से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक के भाई ने उनको मामले से अवगत कराया।

जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कामी निवासी धर्मबीर ने बताया कि उनके बड़े भाई ईश्वर का मकान उनके मकान के पास ही है।

# बिजली निगम की लापरवाही ने छीन ली युवक की जिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर नाथूपुर चौक पर बिजली निगम की लापरवाही के कारण एक घर का चिराग बुझ गया। हादसे को शिकार युवक कंपनी से वापिस अपने घर लौट रहा था। वापस लौटते समय चौक पर बिजली के तारों से करंट लग गया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के चाचा के बयान पर आरोपित बिजली निगम के अधिकारियों के

**घोर लापरवाही**

**▶▶ हादसे को शिकार युवक कंपनी से वापिस अपने घर लौट रहा था। चौक पर बिजली के तारों से करंट लग गया**

खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाथूपुर निवासी रणबीर सिंह ने बताया कि शनिवार रात पौने आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके भतीजे रजनीश (23) के साथ नाथूपुर मोड़ पर हादसा हो गया है। वह जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि उनके भतीजे को करंट लग गया है। उनके भतीजे को गांव के मोड़ पर स्थित ट्रांसफार्मर के कारण करंट लगा है। उनका भतीजा बोल नहीं पा रहा था। वह अपने परिवार के सदस्यों संग रजनीश को लेकर बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां पर उनके भतीजे को मृत घोषित कर दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**काफी दिन पहले गाय हुई थी शिकार, अब युवक की गई जान-** रणबीर सिंह ने आरोप लगाया कि गांव नाथूपुर मोड़ के पास सड़क पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उसके तार बिल्कुल नीचे हैं। बिजली निगम की तरफ से ट्रांसफार्मर के करंट से बचने के लिए कोई भी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए है। कुछ दिनों पहले एक गाय भी हादसे का शिकार हो गई थी। उसके बावजूद बिजली निगम की तरफ से कोई ठोस कदम व सुरक्षा को लेकर कार्यवाही नहीं की गई। मृतक के चाचा ने आरोप लगाया कि अगर बिजली निगम की तरफ से सुरक्षा प्रबंध किए गए होते तो उनके भतीजे की जान नहीं जाती। उनके भतीजे की जान बिजली निगम की लापरवाही से गई है। अस्पताल में पहुंचे मृतक के चचेरे भाई सुनील ने बताया कि देर शाम को उसके भाई को करंट लग गया।

# चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः क्राईम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने घर से आभूषण व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू उर्फ काला निवासी पटना बिहार हाल में आदर्श नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एक महिला ने गत 19 अगस्त को थाने में शिकायत देकर बताया कि उसका पूरा परिवार वैष्णो देवी दर्शन करने के लिए गया हुआ था। उसके बाद वापिस लोटै तो घर के दोनों कमरों के दरवाजों के ताले टूटे हुए पाए गए।

अंदर जाकर सामान की जांच की तो अलमारी के अंदर तीन जोड़ी सोने की बाली, 1 जोड़ी झूमका सोने का, 1 जोड़ी कान का सोने का टोपस व 10000 रुपये नकद व बेड के अंदर रखी 5 जोड़ी चांदी की पायल, 1 सोने का मांग का टीका, 2 अंगूठी सोने की, तीन जोड़ी चांदी की चुटकी , 1 डिनर सेट, 1 मिक्सी नहीं मिले। मेरे घर से मेरे इस सामान को कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया है। मामले को लेकर सिविल लाइन थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्रबंधक समिति, अध्यापकगण और स्टाफ ने मिलकर लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस मौके पर स्कूल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रबंधक समिति और स्कूल के स्टाफ ने मिलकर परंपरागत तरीके से लोहड़ी जलाकर और उसकी परिक्रमा करके मूँगफली, रेवड़ी,
मक्की के फुल्ले द्वारा लोहड़ी में आहुति दी। इस अवसर पर प्रबंधक समिति ने स्टाफ को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नई



फसल के आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह लोहड़ी का पर्व भारत की रंग-बिरंगी संस्कृति का परिचायक है और कहा कि यह सिर्फ त्योहार नहीं है, बल्कि आपसी प्रेम और भाइचारे का प्रतीक है। सभी को मिलकर इस त्योहार को प्रेम के साथ मनाना चाहिए। साथ ही इस अवसर पर स्कूल के माहौल को खुशनुमा बनाने के लिए अध्यापकगण के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जैसे बोलियाँ, गीत, नृत्य और विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# पाइट में मनाया लोहड़ी पर्व, संस्कृति से जुड़ने को प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में लोहड़ी का पर्व मनाया गया। संस्कृति और परंपरा को निभाते आग जलाकर पूजा की। लोकगीतों और भांगड़ा-गिद्दा की धुनों पर शिक्षकों एवं छात्रों ने नृत्य भी किया। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि हमारे त्योहार समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश देते हैं। लोहड़ी का यह उल्लासमय पर्व हर वर्ग के लोगों को परंपरा और उत्सव का अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। हमारे त्योहार हमें बताते हैं कि हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है। अपनी भावी पीढ़ी को बताना है कि हमारी संस्कृति क्या है। पाइट के सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने भी लोहड़ी और पर्वों की सार्थकता बताई और इनसे जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लिए एक सशक्त प्रयास

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। डीसी डॉक्टर विरेद्र कुमार दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। डीसी ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000/- अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000/- अनुदान राशि दी जाती है।

उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51,000/- अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी महिलाओं (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की शादी के लिए भी 41,000/- की सहायता राशि दी जाती है।

# मुकेश गोयल की कार्यशैली से प्रभावित होकर पीयूष तंवर आप में हुए शामिल







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी मुकेश गोयल को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। क्षेत्र की जनता मुकेश गोयल की कार्यशैली से वाकिफ है, यहीं कारण है कि जब लोगों को पता चला कि आम आदमी पार्टी ने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता मुकेश गोयल को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा है तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं के बीच मुकेश गोयल लोकप्रिय नेता हैं। यहीं कारण है कि मुकेश गोयल की कार्यशैली और आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर युवा शक्ति मुकेश गोयल से जुड़ रही हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के जहांगीरपुरी निवासी और भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे पीयूष तंवर ने अपने साथियों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पीयूष तंवर ने कहा कि आमआदमी पार्टी समाज के सभी तबकों को लेकर चलती है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अनगिनत विकास कार्य करवाएं हैं। पीयूष तंवर ने आगे कहा मुकेश गोयल क्षेत्र के प्रभावी चेहरा होने के साथ-साथ जमीन से जुड़े हुए दिग्गज नेता हैं। मुकेश गोयल अपने पॉलिटिक्ल करियर में कई बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अगर मुकेश गोयल आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जाते हैं तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए बेहतरीन निर्णय साबित होगा। पीयूष तंवर ने कहा कि मुकेश गोयल विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हैं और क्षेत्र में कई विकास कार्य उन्होंने किए हैं, जिसकी सभी तारीफ करते हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी में सभी का स्वागत है। अरविंद केजरीवाल समाज को एकजुट कर लेकर चलते हैं। युवा शक्ति पार्टी से जुड़ रही हैं तो यह पार्टी के लिए अच्छे संकेत हैं। युवा साथियों के जुड़ने से पार्टी को और ताकत मिलेगी।

**आप में हुए कई नेता शामिल**

- मुकेश गोयल ने पीयूष तंवर को पार्टी का पटका और टोपी पहनाकर किया स्वागत
- युवा साथियों के जुड़ने से पार्टी को और ताकत मिलेगी: मुकेश गोयल

# केजरीवाल सरकार ने गरीबों के हक पर डाला डाकाः प्रवेश साहिब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता प्रवेश साहिब सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल सरकार की असफलताओं और गरीबों के साथ किए गए विश्वासघात को उजागर किया। उन्होंने बताया कि 2013 में दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड ने गरीब परिवारों से स्थायी घर देने का वादा कर हजारों रुपये जमा किए। किसी ने 70,000, किसी ने 1,00,000 और कई ने 1,50,000 तक जमा किए।




लेकिन 12 साल बाद भी इन परिवारों को उनके घर नहीं मिले।

**केजरीवाल सरकार की वादाखिलाफी:** प्रवेश साहिब सिंह ने याद दिलाया कि शीला दीक्षित सरकार के दौरान झुग्गीवासियों के लिए घर बनाने की योजना शुरू की गई थी। बापरौला और सावदा घेवड़ा जैसे इलाकों में घर बनाए गए। लेकिन जब केजरीवाल सत्ता में आए, तो इन घरों को आवंटित करने की प्रक्रिया को रोक दिया गया। गरीबों को उनका हक देने की बजाय, केजरीवाल सरकार ने उनकी मेहनत की कमाई को नजरअंदाज कर दिया।

**8,000 घर तैयार, लेकिन आवंटन नहीं:** पूर्व सांसद ने खुलासा किया कि दिल्ली में 8,000 से अधिक मकान पूरी तरह से बनकर तैयार हैं और केवल आवंटन के इंतजार में हैं।

# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करने का एम्स को निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया है कि वो अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करे। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने क्रिश्चियन मिशेल की याचिका पर ये आदेश दिया। हाई कोर्ट ने ये आदेश एम्स की रिपोर्ट देखने के बाद दिया। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हे का प्रत्यारोपण) की सलाह दी थी। उसके बाद कोर्ट ने एम्स को फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में




सर्जरी करने की बात कही थी। क्रिश्चियन मिशेल ने याचिका दायर कर कहा था कि उसके हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की सख्त आवश्यकता है क्योंकि वो दैनिक कार्यों को भी नहीं कर पा रहा है। दरअसल, अगस्ता वेस्टलैंड से 12 हेलीकॉप्टरों की खरीद के मामले में 3600 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 7 फरवरी 2023 को मिशेल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई के मुताबिक मिशेल ने इस घोटाले की कुछ रकम 2010 के पहले और कुछ रकम 2010 के बाद हासिल की। 3600 करोड़ रुपये के इस घोटाले में ईडी ने मिशेल को जनवरी 2019 में गिरफ्तार किया था। मिशेल को दुबई से प्रत्यर्पित कर दिसंबर 2018 में भारत लाया गया था।

23 अक्टूबर 2020 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

# सदर बाजार में व्यापारियों ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी उत्सव







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सदर बाजार में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन की ओर से चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, गोपाल ग्रोवर, अभय सभरवाल, कुलदीप सिंह ने व्यापारियों के साथ मिलकर पहले लोहड़ी को जलाकर एक-दूसरे को मुबारक दी और सबके स्वस्थ रहने व देश की खुशहाली की प्रार्थना की। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि लोहड़ी साल का पहला त्यौहार होता है जिसे बड़ी धूमधाम से सभी मानते हैं। लोहड़ी का त्योहार फसल की कटाई की खुशी में मनाया जाता है।

# 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब सहित अन्य वस्तुएं जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा के एक सप्ताह के भीतर 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब सहित अन्य वस्तुएं जब्त की गईं। दिल्ली में सात जनवरी से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज (सीईओ) ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न विभागों ने 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब जैसी अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वी दिल्ली में सबसे अधिक 6.83 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं।

दूसरे स्थान पर सेंट्रल दिल्ली है, जहां 6.81 करोड़ रुपये मूल्य की जब्त वस्तुएं हैं, जबकि नई दिल्ली क्षेत्र में सबसे कम 3.9 लाख रुपये मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। राजधानी में कुल मिलाकर 21.89 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसमें 9.8 करोड़ रुपये नकद, 6.1 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं, 5.05 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 47 लाख रुपये से अधिक मूल्य की फ्रीबी और 45 लाख रुपये से अधिक मूल्य की शराब शामिल है।

# रक्त की एक बूंद से भी बचाई जा सकती है कई अनमोल जानः प्रताप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रक्तदान द्वारा** किसी को नवजीवन देकर आत्मा को जो परम आनंद की संतुष्टि मिलती है वह संतुष्टि तो लाखों-करोड़ों भी खर्च करके नहीं मिल सकती है। रक्तदान करना एक ओर तो पुण्य काम है ही, इसके साथ ही रक्तदान से पुनः शरीर में रक्त और अधिक गति से बनना शुरू हो जाता है।

मॉडल टाउन क्षेत्र में रहने वाले व समाज सेवी प्रताप सिंह गुरूजी ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में न तो किसी प्रकार की कोई कमजोरी आती है और न ही कोई बिमार पड़ता है। समय-समय पर



हम सभी को रक्तदान करना ही चाहिए इससे जहां एक तरफ तो हमारे द्वारा दिए गए रक्त की एक बूंद से भी किसी जरूरतमंद को जीवन दान मिल जाता है तो दूसरी तरफ हमारे शरीर भी ठीक रहता है। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा समय-समय पर पूरे भारत भर में रक्तदान शिविरों का आयोजन होता रहता है, जिसके माध्यम से हजारों लोगों ने रक्तदान कर पुण्य का काम किया है। इस पुण्य के कार्य के लिए प्रताप सिंह गुरूजी को देशभर की कई संस्थाएं उनका सम्मान भी कर चुकी है।

प्रताप सिंह ने कहा कि कई ऐसी बिमारियां है जिसमें अस्पताल में भर्ती मरीज को ज्यादा से ही रक्त की जरूरत होती है, अगर ऐसे में सही समय पर उस मरीज को संबंधित रक्त न मिले तो उसकी जान जा सकती है, और ऐसी परिस्थिति में आपके हमारे द्वारा दान किया हुआ।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ अभियोजन चलाने की सीबीआई को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्लीः दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में अभियोजन चलाने के लिए सीबीआई को अनुमति मिल गई है। सोमवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को इस बात की सूचना दी। सीबीआई की इस सूचना के बाद स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को करने का आदेश दिया। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 18 अक्टूबर 2024 को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है। ऐसे में वो जमानत के हकदार हैं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसेवक रहने के दौरान 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक करोड़ 62 लाख रुपये अर्जित किए जो उनके ज्ञात स्रोत से काफी ज्यादा है। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

# 'केजरीवाल चुनाव आयोग और चुनाव व्यवस्था को बदनाम करने में लग गये हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली में राजनीतिक भूमि पूरी तरह खो चुके हैं। निश्चित हार की हताशा से ग्रस्त अराजक अरविंद केजरीवाल अब चुनाव आयोग एवं चुनाव व्यवस्था को बदनाम करने में लग गये हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि बड़े बड़े आरोप-प्रत्यारोप लगाने वाले अरविंद केजरीवाल से मेरा एक सीधा सवाल है की अवध ओझा ने 2 दिसम्बर को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली, उसी दिन से उनका चुनाव लड़ना तय था तो वह वोट ट्रांसफर के लिए प्रक्रिया के अंतिम



दिन 6 जनवरी तक क्यों सोते रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को अवध ओझा का वोट तो तय समय अवधि के बाद भी स्थान्तरित करवाना है पर उन्हें तीन चार भाजपा सांसदों के घर में रहने वालों के समय पर आवेदित वोट बनने से परेशानी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की नई दिल्ली विधानसभा में अरविंद केजरीवाल बुरी तरह हार रहे हैं, जंगपुरा में मनीष सिसोदिया तो कालकाजी में मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना मजबूत भाजपा उम्मीदवार आने से चुनाव रिंग के बाहर जा चुके है।

अब इसी हताशा में ग्रस्त अरविंद केजरीवाल 8 फरवरी को तय हार के दिन बोलने के लिए आज चुनाव आयोग पर आरोप लगाकर भूमिका तैयार कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल की अजीब फितरत है की हरबार चुनाव आयोग जाने से पहले आराजक शब्दों में आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया शमीम अहमद खान का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा मल्का** गंज मण्डल के द्वारा अपने उपाध्यक्ष व पार्टी के तेजतर्रार मुस्लिम नेता व जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता शमीम अहमद खान का जन्मदिन रोशनआरा रोड़ स्थित श्री गुरु रामदास पब्लिक स्कूल में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद व सिविल लाईन जोन की डिप्टी चेयरमैन बहन रेखा अमरनाथ, भाजपा तिमारपुर विधानसभा के प्रभारी मुकेश वर्मा, तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-वन अजित कालिया, भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष उमेश माथुर, महामन्त्री अमरजीत कौर व नितिन गुप्ता सहित मण्डल के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

इस अवसर पर भाजपा उत्तर-पूर्वी जिला महिला मोर्चा की महामंत्री ममता आनंद ने भी अपने परिवार व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कमला नगर स्थित जगास फूड कार्नर पर केक काटकर शमीम अहमद का जन्मदिन मनाया।

इस मौके पर मनोज कुमार, अमित कुमार, मानसी सिंह, हाजी मौहम्मद अनवार, मौहम्मद कामिल जहीर आलम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता शमीम अहमद खान ने सभी का आभार जताते हुए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयश्री दिलाने के लिए कमर कसने का आग्रह करते हुए तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में इस बार कमल खिलाने का संकल्प लिया।

# शालीमार बागः सीवर साफ तो हुए, लेकिन नहीं उठाई गई सिल्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** में कई ऐसे क्षेत्र है, जहां पर सीवर की सिल्ट देर से उठाने की वजह से वहां के लोगों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला शालीमार बाग क्षेत्र में भी प्रकाश में आया है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि शालीमार बाग के ए ए ब्लॉक में लगभग 20 दिन पहले सीवर साफ किए गए थे मगर आज तक सिल्ट उठाई नहीं गई। जिसकी वजह से यहां के स्थानीय निवासियों को परेशान



होना पड़ता है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग करते हुए कहा कि यहां पर से सिल्ट जल्द से जल्द उठाई जाये। और क्षेत्र में जहां पर भी सिल्ट निकाली गई हो वहां पर समय से उठाई जाये। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

ध्यात्मिक दिल है।
ठंडा है, लेकिन
दिल गर्माहट से भर

और उनकी करनी चाहिए।
करने की कोशिश करनी चाहिए।
महाकुम्भ में स्नान के बाद दिव्यता
की अनुभूति हो रही है।' स्पेन से

महाकुम्भ में स्नान के लिए आये,
वासुदेव ने कहा कि, 'मैं बहुत
उत्साहित हूं। मुझे यहां आना
हमेशा अच्छा लगता है। पवित्र

शुरू हुआ है और 26 फरवरी
तक चल चलेगा। यह महाकुंभ
144 सालों बाद आया है।

इसके बाद एडीजी, जिलाधिकारी
और अपर पुलिस आयुक्त ने हरी
झण्डी दिखाकर श्रद्धालुओं से भरी
बस, टेम्पो व ई रिक्शा को रवाना

यातायात विभाग व पु
के अधिकारी कर्मचारी
श्रद्धालुओं/तीर्थयात्रियों
व व्यवहार में शालीन

## के स्मृति दिवस

पूर्णिमा के दिन गंगा
ब्रह्मलीन श्री 108
पर श्री स्वामी
क्रम में वेदपारायण
त्रों द्वारा सम्भाषण
या। वेदशाखाओं व
छात्रों को संस्था के
अध्ययन का महत्त्व
पर प्रकाश डाला।
छात्रों को पुरस्कार
कि परिसर में
मीजी महाराज के
आत की गई।
के मंत्रों के साथ
त्रों द्वारा अपने अपने
पश्चात विद्वान वेद
ई। कार्यक्रम का
न बड़ी संख्या में
ाठ प्रतियोगिता में
, तृतीय विष्णुदेव
स्थान प्रांजल
रहे। सामवेद
, द्वितीय रूद्र मिश्रा,
में प्रथम स्थान पर
ण्डेय रहे। संस्कृत
, द्वितीय आदर्श
में प्रमुख रूप से
ाल न्योपाने, जीवन
र मिश्र, शिवानंद
, अविनाश ओझा

## गी, फंसे

थैले बनाने वाली
इतनी भयंकर थी
से अफरा तफरी
ग को बुझाने में
हा है। मुख्य
सोमवार दोपहर
फैक्ट्री में आग
मौके पर भेजी गई
तब और भी
ड़ियों की मदद से
पास के जिलों से

## सीएम सवार दो

पर सोमवार की
अज्ञात वाहन से
लोगों की मौत हो
ला। सूचना पर
यह घटना सोमवार
ता चौराहे के ऊपर
नियंत्रित होकर
लोगों की मौत हो

## शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**औरैया**

**सिद्धार्थ** नगर के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत दीपक तिवारी (36) ने सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर टूंडला रेल खंड पर स्थित फफूंद रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। दीपक तिवारी मूल रूप से औरैया जिले के अघारा गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में दिबियापुर के बाबू दयाराम नगर में रह रहे थे। उनकी पत्नी ऊषा भी सिद्धार्थ नगर में ही शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं। शीतकालीन अवकाश के दौरान दंपति दिबियापुर आए थे, जहां से ऊषा अपने मायके उरई चली गईं।

## घाटों पर तैनात रहे गंगा सेवा दूत, नदी की स्वच्छता प

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगरः महाकुम्भ** के प्रथम पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर घाटों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में गंगा सेवा दूत तैनात रहे। घाटों पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के दौरान जैसे ही पुष्प अर्पित किए जाते, ये गंगा सेवा दूत तुरंत उसे निकालकर नदी को साफ कर देते।

गंगा और यमुना की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए करीब 2000 गंगा सेवा दूतों को सभी सेक्टर्स में बने घाटों पर नियुक्त किया गया है। इन सभी गंगा सेवा दूतों को मेला प्रशासन की



ओर से भी ट्रेन्ड भी किया गया है। महाकुम्भ के पहले दिन सभी गंगा सेवा दूत अपनी नियत ड्यूटी पर तैनात रहे और श्रद्धालुओं के लिए नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे।

**स्काउट एंड गाइड के वॉलंटियर्स भी दिखे तत्परः**

इनकी मदद के लिए
एंड गाइड भी तत्पर
ये स्वयं सेवा के त
मुस्तैदी से कार्य क
सोनभद्र के स्काउट
आरिफ ने बताया
से ही वह और उन
यहां आ गई थी।
मिर्जापुर, वाराणसी
स्काउट एंड गाइड
मिलाकर 91 लोग
में लगे हुए हैं। इस
बाकायदा ट्रेनिंग भी
45 दिनों में कुल
200 स्काउट एंड
महाकुम्भ में अपनी
हर हफ्ते 250-25
पर पहुंचेंगे। उनके
खाने-पीने के लिए

## सहारनपुर में तीन बच्चों संग दंपती ने खाया जहर, हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुरः गागलहेड़ी** थानाक्षेत्र के देहरादून-हाईवे पर सोमवार को बाइक सवार दंपती ने अपने तीन बच्चों संग जहर खा लिया। राहगीरों द्वारा देखे जाने पर गंभीर हालत में सभी को जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। राहगीरों ने देहरादून की ओर से आती एक प्राइवेट गाड़ी से सभी को पहले नजदीकी हरोड़ा सीएचसी पर पहुंचाया, जहां पर चिकित्साकों ने सभी की जांच कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। गंभीर हालत में महिला ने बताया की उसका नाम रजनी है



और पति का नाम विकास, जो नन्दी फिरोजपुर के रहने वाले हैं। उन्होने बेटी परी (06), पलक (03) व बेटा विवेक डेढ़ वर्ष के साथ कर्ज से परेशान होकर जहर खा लिया है। पांच लोगों के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिलते ही एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने अस्पताल पहुंचकर पीडितों का हाल लिया।

## सड़क किनारे वृद्ध महिला का शव मिला, गले मे चोट के निशान मिले

**कानपुरः शिवराजपुर** थाना क्षेत्र के हरनू गांव के पास सड़क किनारे सोमवार को एक 55 वर्षीय वृद्ध महिला का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। वृद्धा के गले पर मिले निशानों को देखकर हत्याकर शव को फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। शिवराजपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि वृद्धा की शिनाख्त के लिए आस-पास के गांवों से लापता हुई महिलाओं की जानकारी जुटाने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

## अग्नि
## लखनऊ



**टीम एक्शन इंडिय**

**लखनऊः लखनऊ**
नानक गर्ल्स डिग्री
प्रांगण में पवित्र अ
तिल डालकर लोह
गया। पवित्र अग्नि
छात्राओं, अध्यापिक
और तिल डालकर
प्रार्थना की। प्राचार्य
गर्ग ने लोहड़ी की
प्रज्वलित करते हु
लोहड़ी पर्व के अ
जैसे काले तिल ज
वैसे अज्ञानता व प
जीवन से शमन हो
सत कर्मों के प्रति
एवं पारिवारिक व
प्राप्त कर सकें। उन
इस कार्यक्रम की प
रूपरेखा प्रबंधन स

## बिछड़ों को मिलाने के लिए घाटों पर ही की गई व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगरः अंबिकापुर** छत्तीसगढ़ के रहने वाले शिवम और युवराज भूले भटके शिविर में पहुंचें, यहां श्याम शर्मा आपका इंतजार कर रहे हैं। आप इस समय जहां भी हैं, वहां तैनात पुलिसकर्मी से रास्ता पूछकर शिविर में पहुंचे।' पिंकी की मम्मी जहां कहीं भी हों, वो ब्रिज नंबर 1 पर आ जाएं...।

महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर संगम तट से लेकर सभी घाटों पर इसी तरह की आवाजें सुनाई देती रहीं। इस अनाउंसमेंट के थोड़ी देर



सुनाई देती रहीं। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के दिन सोमवार को घाटों के

**सभी घाटों पर अनाउंसमेंट, तुरंत मिल रही राहतः** महाकुम्भ मेला

पर जुटी भीड़ के दौरान परिवार से बिछड़ने वाले लोगों के लिए ये शिविर मददगार साबित होते रहे। स्नान पर्व के दौरान लगातार भूले भटके लोगों के नामों की लाउडस्पीकर के माध्यम से उद्घोषणा होती रही। सभी घाटों पर इस तरह के शिविर बनाए गए हैं और बड़ी संख्या में लाउडस्पीकर स्थापित किए गए हैं, जिससे दूर तक और पूरी स्पष्टता के साथ आवाज पहुंच रही है। इन अनाउंसमेंट को सुनकर लोग अपनों तक तुरंत पहुंच पा रहे हैं। उनकी मदद को घाटों पर तैनात पुलिस बल भी पूरी मदद कर रहा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 14 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

### खनन माफियाओं के आगे बेबस है सरकार : जयराम

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में खनन माफिया बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नाकामी और प्रशासन की निष्क्रियता के चलते खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि आम जनता को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की निष्क्रियता यह साबित करती है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदेश में ऐसा कौन है जो इन माफियाओं को बचा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को भी प्रशासन के सामने गुहार लगाते देखा जा रहा है जबकि उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करते हुए अधिकारियों को सीधे आदेश देना चाहिए। ठाकुर ने कहा कि सरकार में बैठे मंत्री अपनी जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या प्रशासन और सरकार के बीच तालमेल का इतना अभाव है कि मंत्री अधिकारियों को आदेश देने के बजाय सार्वजनिक मंचों से अपनी बात कहने पर मजबूर हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री के अपने जिले में हो रहे अवैध खनन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले में स्थानीय लोगों को हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की विफलता और जनता के सरकार से उठते भरोसे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन माफियाओं के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाता, तो यह साफ हो जाता है कि उन्हें शासन का संरक्षण प्राप्त है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो नेता पिछले पांच सालों में खनन माफिया के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर राजनीति करते रहे, वही अब माफियाओं के सामने बेबस नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का माफियाओं के सामने इस प्रकार घुटने टेक देना न केवल शर्मनाक है बल्कि यह सरकार की कमजोरियों और प्राथमिकताओं को भी उजागर करता है।

### तीन शक्तिपीठों के सौंदर्यीकरण के लिए बनेगा मास्टर प्लान : सुक्खू

**शिमला। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां भाषा एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा बालक नाथ, माता चिंतपूर्णी, श्री नैनादेवी और ज्वालाजी मंदिर परिसरों के सौन्दर्यीकरण के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

# जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता एक : सीएम

## महायोगी गोरखनाथ विवि में आयुर्वेद, योग और नाथपंथ पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर। मुख्य**मंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा मानती है कि ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'। अर्थात धर्म की साधना के लिए शरीर ही माध्यम है। धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। धर्मपरक जीवन से ही अर्थ, कामनाओं की सिद्धि और फिर मोक्ष प्राप्ति संभव है। इस परिप्रेक्ष्य में धर्म साधना से जुड़े जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता के समान है। सीएम योगी सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान दे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ह्यआयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदानह्ल विषय पर केंद्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा




**ध्यान नियम-संयम**

**▸▸ स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं धर्म के सभी साधन : सीएम योगी हमारी तीन-तीन पीढ़ी इस अभियान के साथ जुड़ी रही**

कि आयुर्वेद की मान्यता है कि चराचर जगत पंचभूतों से बना है। इन्हीं पंचभूतों से हमारा शरीर भी बना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ ने भी कहा है कि पिंड में ही ब्रह्मांड समाया है। जो तत्व ब्रह्मांड में है वही हमारे शरीर में भी हैं। आयुर्वेद, योग और नाथपंथ सबका ध्यान नियम-संयम पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा में हर व्यक्ति के जीवन का एक अभीष्ट होता है, धर्म के पथ पर चलते हुए मोक्ष की प्राप्ति करना प्रति करना। धर्म की साधना के लिए स्वस्थ शरीर की अपरिहर्ता हमारे ऋषियों, मुनियों ने बताई है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद, योग और नाथपंथ, तीनों नियम-संयम पर जोर देते हैं। आयुर्वेद में जहां व्याधियों को दूर करने के लिए औषधियों और पंचकर्म की पद्धतियां हैं तो वही योग में भी हठयोग, राजयोग, ज्ञानयोग, लययोग और क्रियायोग की विशिष्ट विधियां हैं। इसी क्रम में शरीर की आरोग्यता के लिए नाथपंथ का हठयोगी योग को खट्कर्म से जोड़ता है।

आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की पद्धतियां, तीनों ही वात, पित्त और कफ से जनित रोगों के निदान के लिए एक मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और वह मार्ग है नियम-संयम। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद, योग और नाथपंथ तीनों ही व्यवहारिकता के स्तर पर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। तीनों ने ही शरीर को पंचभौतिक माना है।

### सृष्टि के कालखंड की सबसे प्राचीन है भारतीय संस्कृति

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ नाथ ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति अति प्राचीन है। सृष्टि के कालखंड की सबसे प्राचीन संस्कृति भारतीय संस्कृति को माना जाता है। अलग-अलग कालखंड में ऋषियों, मुनियों ने अपनी ज्ञान के धारा के अनुभव से इसे नया आयाम प्रदान किया। पहले ज्ञान की परंपरा गुरु शिष्य के माध्यम से श्रवण परंपरा थी। उसे लिपिबद्ध करने का कार्य महर्षि वेदव्यास ने चार संहिताओं के माध्यम से किया। महर्षि वेदव्यास ने न केवल चार वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद की रचना की बल्कि उन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण समेत 18 पुराणों की रचना को भी ज्ञान से जोड़कर भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाया। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित



श्रीमद्भागवत पुराण आज भी भारत वासियों को धर्म का सही मार्ग दिखाता है।

**धर्म पथ पर चलकर सफलता के चरम पर पहुंचना ही मोक्ष**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोक्ष या मुक्ति सिर्फ मरण से नहीं मिलती है बल्कि श्रीमद्भागवत के अनुसार धर्म के पथ पर चलते हुए सफलता के चरम पर पहुंचना ही मोक्ष है। महर्षि वेदव्यास ने भागवत पुराण के माध्यम से यह शिक्षा दी है कि सभी लोग धर्म के मार्ग का अनुसरण करें। धर्म के मार्ग का अनुसरण करने पर अर्थ और कामनाओं की भी सिद्ध हो सकती है।

**धर्म केवल उपासना तक सीमित नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि भारतीय मनीषा ने धर्म को उपासना तक सीमित नहीं माना है। धर्म का स्वरूप विराट परिप्रेक्ष्य में निर्धारित किया गया है। कर्तव्य, सदाचार और नैतिक मूल्य के विशिष्ट जीवन पद्धति को समग्र रूप में भारतीय मनीषा धर्म के रूप में स्थापित करती है। धर्म के मार्ग से अर्थ और कामनाओं की सिद्धि से मोक्ष अपने आप प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हिंदू कहलाने के लिए मंदिर जाना या धार्मिक ग्रंथो का पढ़ना आवश्यक नहीं है।

## महाकुम्भः अमेरिकन सोल्जर माइकल बन गए बाबा मोक्षपुरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगरः** महाकुम्भ 2025 ने भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के संतों और आध्यात्मिक गुरुओं को आकर्षित किया है। इनमें से एक नाम है अमेरिका के न्यू मैक्सिको में जन्मे बाबा मोक्षपुरी का, जिन्होंने प्रयागराज के पवित्र संगम पर अपनी उपस्थिति से सभी का ध्यान खींचा। कभी अमेरिकी सेना में सैनिक रहे माइकल अब बाबा मोक्षपुरी बन गये हैं। उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा और सनातन धर्म से जुड़ने की कहानी साझा की।

**सैनिक से आध्यात्मिक संत बनने का सफर**

बाबा मोक्षपुरी कहते हैं, "मैं भी कभी साधारण व्यक्ति था। परिवार और पत्नी के साथ समय बिताना और घूमना मुझे पसंद था। सेना में भी शामिल हुआ। लेकिन एक समय ऐसा आया जब मैंने महसूस किया कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। तभी मैंने मोक्ष की तलाश में इस अनंत यात्रा की शुरूआत की।"

**आध्यात्मिक**

**▸▸ सनातन संस्कृति से प्रभावित मोक्ष बाबा का अमेरिका से महाकुम्भ तक का आध्यात्मिक सफर**

आज वे जूना अखाड़े से जुड़े हैं और अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर चुके हैं।

**25 साल पहले पहली बार आए थे भारत**

अमेरिका में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने साल 2000 में पहली बार अपने परिवार (पत्नी और बेटे) के साथ भारत यात्रा की। वह बताते हैं, "वह यात्रा मेरे जीवन की सबसे यादगार घटना थी। इसी दौरान मैंने ध्यान और योग को जाना और पहली बार सनातन धर्म के बारे में समझा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं ने मुझे गहराई से प्रभावित किया।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व की

## महाकुंभः पुलिस बनी मददगार, विनम्रता से जीता दिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ** के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा देखने को मिली। करोड़ों की संख्या में लोग पुण्य स्नान के लिए संगम तट की ओर उमड़ पड़े। इस दौरान जो सबसे अनूठी चीज देखने को मिली वो पुलिस का व्यवहार। यूं तो श्रद्धालुओं को राह दिखाने के लिए मेला प्रशासन की ओर से 800 के करीब साइनेजेस लगाए गए हैं, लेकिन राह दिखाने के लिए योगी सरकार की पुलिस पर लोगों ने ज्यादा भरोसा दिखाया। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी



विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।

**दो महीने तक कराई गई है ट्रेनिंग**

महाकुम्भ को लेकर इस बार योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई गई है। परेड स्थित पुलिस लाइन में लगातार दो महीने तक पुलिसकर्मियों को बिहेवियर की ट्रेनिंग कराई गई है, जिसका असर सोमवार को पहले स्नान पर्व पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग पुलिसकर्मियों से पांटून ब्रिज पर आने और जाने के विषय में जानकारी लेते रहे। इसी तरह, सेक्टर की जानकारी के लिए भी पुलिसकर्मी ही श्रद्धालुओं की पहली प्राथमिकता रहे। खास बात ये थी कि पुलिसकर्मियों ने भी कुशल व्यवहार का परिचय देते हुए पूरी विनम्रता से श्रद्धालुओं की मदद की। यही नहीं, पुलिसकर्मी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों की मदद करते भी नजर आए।

**जताया भरोसा**

**▸▸ श्रद्धालुओं के साथ कुशल व्यवहार से जीता दिल, श्रद्धालुओं ने भी जताया भरोसा**

### महाकुम्भ में स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं पर कराई पुष्पवर्षा

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान के दिन सोमवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम के नारे लगाए। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं गई। एक ओर जहां हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ में स्नान करने आए श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई तो दूसरी ओर इससे मेले की सुरक्षा व्यवस्था की भी निगरानी होती रही।

### टेट परीक्षा का परिणाम घोषित, 11026 पास और 28870 फेल

**धर्मशालाः हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को टेट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। उक्त परीक्षा में 11026 अभ्यर्थी पास हुए हैं, जबकि 20870 अभ्यर्थी फेल घोषित किए गए हैं। 15 नवंबर से 26 नवंबर 2024 तक जेबीटी, शास्त्री, टीजीटी नॉन मेडिकल, भाषा अध्यापक, पंजाबी, उर्दू, टीजीटी आर्टस व टीजीटी मेडिकल की टेट परीक्षा हेतू 35031 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 31896 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।




**सेफ्टी फर्स्ट** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए आला अधिकारी

## महाकुंभः योगी सरकार की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम देखने को मिले। पूरे मेला क्षेत्र में डेप्लॉय किए गए 50 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे तो वहीं एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी महाकुम्भ वैभव कृष्ण और एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। महाकुम्भ की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। पहले दिन इसकी झलक भी देखने को मिली, जब पूरे मेला क्षेत्र में पुलिसकर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी करते



नजर आए। वहीं आला अधिकारी भी हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए ग्राउंड पर दिखाई दिए। एडीजी वैभव कृष्ण ने पूरे मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया और जगह-जगह पर श्रद्धालुओं से बातचीत की कि कहीं उन्हें कोई समस्या तो नहीं आ रही। यही नहीं, उन्होंने संगम नोज पर वॉच टॉवर पर चढ़कर ऊंचाई से श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों और सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया। वहीं दूसरी तरफ, डीआईजी महाकुम्भ वैभव कृष्ण और एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी घोड़ों पर सवार होकर काफी देर तक सुरक्षा का मुआयना करते रहे। यही नहीं, एसएसपी राजेश द्विवेदी तो सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए संगम नोज पर गंगा में ही उतर गए। सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अधिकारियों ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालकर महाकुम्भ के पहले दिन श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बना दिया। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। वो खुद एक बटालियन को लीड करते हुए संगम नोज पहुंचे और वहां तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया।